R.N.I. No. RAJHIN/2012/48736

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

दैनिक
# रॉयल पत्रिका

वर्ष : 14 | अंक : 194 | पेज: 8 | जयपुर, मंगलवार, 23 जून 2026 | मूल्य: 1.50 रुपये

# मध्यप्रदेश के प्रमुख मंदिरों की दान व्यवस्था होगी ऑनलाइन

● राम मंदिर चंदा विवाद के बीच मोहन सरकार का बड़ा फैसला ● महाकाल-ओंकारेश्वर समेत सभी प्रमुख मंदिरों में नियम लागू

**उज्जैन (एजेंसी)।** अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में दान राशि और चढ़ावे को लेकर खड़े हुए हालिया विवाद के बीच मध्य प्रदेश सरकार ने राज्य में बड़ा प्रशासनिक कदम उठाया है। सरकार प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों की दान और प्रबंधन व्यवस्था को ज्यादा सुरक्षित तथा पारदर्शी बनाने की पूरी तैयारी कर रही है। इसके तहत देश के सबसे प्रतिष्ठित और सुव्यवस्थित मंदिरों के मॉडल का अध्ययन किया जाएगा, जिसके बाद पारदर्शी प्रणाली लागू होगी।




### विशेषज्ञ समिति करेगी व्यवस्थाओं का अध्ययन

ओंकारेश्वर प्रवास के दौरान धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, संस्कृति तथा पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने इस नई योजना का खाका सामने रखा। उन्होंने साफ कहा कि श्रद्धालुओं द्वारा पूरी श्रद्धा से चढ़ाए गए दान और चढ़ावे का पारदर्शी प्रबंधन करना सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। इसके लिए बहुत जल्द एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया जाएगा।

### बैंक और अलग खाते का पूरा प्लान

सीसीटीवी की लाइव निगरानी में काउंटिंग खत्म होने के बाद बैंक के कर्मचारी इस पूरी धनराशि को सीधे मंदिर के मुख्य खाते में जमा करते हैं। चढ़ावे से मिलने वाले इसी पैसे से भक्तों के लिए मुफ्त भोजनशाला, निर्माण कार्य और समाज सेवा के अन्य प्रकल्प चलाए जाते हैं। मंदिर प्रशासन अब आय-व्यय की पारदर्शिता को आगे ले जाएगा।

### महाकाल और ओंकारेश्वर में मौजूदा स्थिति

वर्तमान व्यवस्था की बात करें तो ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग में दान पेटियों को खोलने का काम पूरी तरह प्रशासनिक अधिकारियों और मंदिर समिति के सदस्यों की संयुक्त मौजूदगी में तय तारीखों पर होता है। इस पूरी प्रक्रिया की बकायदा वीडियोग्राफी कराई जाती है। इसके अलावा शीघ्र दर्शन के जरिए मिलने वाली पूरी राशि सीधे ऑनलाइन खाते में ट्रांसफर होती है। वहीं, उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में नकद राशि के साथ-साथ ऑनलाइन और क्यूआर कोड से दान लेने की पुख्ता व्यवस्था है। यहां भेंट पेटियों से निकलने वाले कैश को पारदर्शी कांच के कमरों में सीसीटीवी कैमरों के सीधे पहरे के बीच गिना जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### तमिलनाडु की सीफूड फैक्ट्री में गैस रिसाव

● 7 लोगों की हो गई मौत



**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले में रविवार को एक सीफूड एक्सपोर्ट फैक्ट्री में अमोनिया गैस का रिसाव हो गया। रिपोर्ट के अनुसार हादसे में 7 महिला कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि 67 घायल हैं। घायलों में भी 9 वेंटिलेटर पर हैं। गैस रिसाव की घटना सेंट पीटर्स पॉल सीफूड्स एक्सपोर्ट्स यूनिट में हुई। घटना की जानकारी मिलते ही अरक्कोनम स्थित चौथी बटालियन मुख्यालय से 30 सदस्यों वाली टीम को मौके पर भेजा गया। हालात के मद्देनजर टीम गैस डिटेक्शन डिवाइस, रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल एवं परमाणु आपदा से निपटने वाले विशेष उपकरणों के साथ घटनास्थल पर पहुंची।

### योगी के समर्थन में उतरे अविमुक्तेश्वरानंदजी

● अयोध्या मामले पर दिया आदित्यनाथ का साथ



**शामली (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के शामली में ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने अब सीएम योगी आदित्यनाथ का समर्थन किया है। दरअसल, पिछले दिनों लगातार वे मुख्यमंत्री योगी के खिलाफ बयान देते हैं। गोरक्षा के लिए लगातार यात्रा निकाल रहे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती शामली पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान अयोध्या राम मंदिर दान प्रकरण मामले में सीएम योगी आदित्यनाथ के रुख का समर्थन किया। अयोध्या दान प्रकरण का मामला सामने आने के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ पिछले दिनों अयोध्या दौरे पर गए थे। इस दौरान उन्होंने अपने मंच से श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को अलग रखने का निर्णय लिया।

### निहंगों ने उत्तराखंड में गुरुद्वारे पर किया कब्जा

#### कहा-घुसने वाले को काट देंगे, एसपी समझाने पहुंचीं तो धमकी दी



**रुद्रप्रयाग (एजेंसी)।** उत्तराखंड के चमोली स्थित कर्णप्रयाग में 16 जून को हुए विवाद के बाद शनिवार देर शाम रुद्रप्रयाग के नगरासू स्थित गुरुद्वारे में पंजाब से आए निहंगों ने कब्जा कर लिया। उन्होंने दो लोगों को बंधक भी बनाया। हालांकि, विवाद बढ़ने पर निहंगों ने एक व्यक्ति को छोड़ दिया, जबकि एक सेवादार को बंधक बनाए रखा। निहंगों ने चेतावनी दी है कि गुरुद्वारे में घुसने वाले को काट देंगे। रविवार सुबह रुद्रप्रयाग के डीएम विशाल मिश्रा निहंगों से बातचीत करने पहुंचे, लेकिन उन्होंने बाचचीत से इनकार कर दिया।

# योग में हिट, शरीर और मन दोनों फिट

● पीएम बोले-30 के मुकाबले 50 की उम्र में ज्यादा ऊर्जावान बनें

### मोदी बोले-योग इसमें मददगार, यह सबको जोड़ता है, 5 आसन किए



**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कोलकाता के ऐतिहासिक रेड रोड से 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का नेतृत्व किया। इस दौरान पीएम मोदी ने योग को सक्रिय वृद्धावस्था और बेहतर जीवन स्तर के लिए एक अनिवार्य मार्ग बताया। उन्होंने कहा कि कहा कि पृथ्वी पर सबसे लंबा दिन अब योग के कारण विश्व का सबसे बड़ा सामुदायिक उत्सव बन गया है। पीएम मोदी ने देशवासियों और वैश्विक समुदाय से आह्वान किया कि वे योग को किसी एक दिन तक सीमित न रखकर अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं, ताकि उम्र कभी भी इंसानी क्षमता और लचीलेपन को कम न कर सके।

### योग लोगों को एक साथ लाता है

21 जून, जो पृथ्वी पर सबसे लंबे दिन का प्रतीक है, अब योग के कारण सबसे बड़ा सामुदायिक उत्सव दिवस बन गया है। योग लोगों को एक साथ लाता है। मैं इस अवसर पर विश्व के लोगों को बधाई देता हूं। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है। यह किसी भी आयु वर्ग तक सीमित नहीं है।



### योग हमारे ऊर्जा स्तर को उच्च बनाए रखता है

यह हमारे शरीर को लचीला बनाने में मदद करता है। यह हमारे ऊर्जा स्तर को उच्च बनाए रखता है। यह हमें शांत, तनावमुक्त जीवन जीने में भी मदद करता है और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों को दूर रखने में सहायक होता है। नियमित अभ्यास से योग हमें सीख देता है।

**योग दिवस पर भारतीय नौसेना का अनूठा प्रदर्शन**

## पानी के अंदर योग मुद्राएं कर दिखाई अनुशासन-एकाग्रता की ताकत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देशभर में रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। तीनों भारतीय सेनाओं ने भी योग कार्यक्रम आयोजित किए, लेकिन भारतीय नौसेना विशाखापत्तनम में योग का एक अनोखा प्रदर्शन किया।

आईएनएस सतवाहन में शनिवार को एक अनूठे अंडरवॉटर योग (पानी के भीतर योग) सत्र का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में यूनिट के 40 कर्मियों ने भाग लिया और पानी की सतह के नीचे कई योगासन कर अपनी एकाग्रता, श्वास नियंत्रण, सहनशक्ति



और मानसिक संतुलन का शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय नौसेना के अनुसार, इस कार्यक्रम का संचालन नौसेना के ही योग विशेषज्ञों ने किया और इसका नेतृत्व लेफ्टिनेंट कमांडर आरुष शर्मा ने किया। यह कार्यक्रम भारतीय नौसेना की स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता तथा फिटनेस के क्षेत्र में नवाचार को अपनाने के संकल्प का प्रतीक बना।

# समन्दर में उतरे डूनागिरी संशोधक और अग्रय

● इंडियन नेवी में कमीशन हुए तीन स्वदेशी युद्धपोत

**कोलकाता (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के कोलकाता में श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह पर तीन स्वदेश निर्मित नौसैनिक



जहाजों को राष्ट्र को समर्पित किया। इनमें एक गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट डूनागिरी, दूसरा एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट अग्रह और तीसरा सर्वे वेसेल लार्ज संशोधक है। कमीशनिंग से पहले नौसेना ने यूट्यूब पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में डुनागिरी को एक शक्तिशाली और उन्नत युद्धपोत बताया। वीडियो में कहा गया, परिशुद्धता। शक्ति। चपलता। अत्याधुनिक हथियार और सेंसर सूट से भरपूर, लंबे समुद्री पैरों के लिए इंजीनियर, निरंतर संचालन और स्वदेशी स्टील्थ तकनीक से लैस दूनागिरी को बहु-आयामी प्रभुत्व और घातकता के लिए बनाया गया है। डूनागिरी- निर्णायक निडर प्रभुत्व।

**देश अब केवल एक खरीदार नहीं रह सकता-**

पीएम मोदी ने रक्षा में आत्मनिर्भरता के लिए भारत के जोर को रेखांकित करते हुए कहा कि देश अब केवल एक खरीदार नहीं रह सकता है और इसकी सशस्त्र सेना दुनिया के लिए बाजार नहीं बन सकती है।

# सख्त नियम, चप्पे-चप्पे पर रही नजर

● 51 हजार जैमर्स की जद में देश भर में हुई नीट परीक्षा ● राजस्थान में हिजाब पहनी छात्रा की एंट्री रोकी, विवाद ● कई जगह कलावा-इयररिंग्स उतरवाई, चेन-बटन निकाले



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश भर में नीट-यूजी 2026 का री-एग्जाम संपन्न हो गया है। देशभर के 551 शहरों और विदेश के 14 शहरों में बने 5,440 केंद्रों पर 22.79 लाख से ज्यादा छात्रों ने परीक्षा दी है। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक चली। छात्रों को सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक एग्जाम सेंटरों में एंट्री दी गई। एडमिट कार्ड और पहचान पत्र की जांच के बाद स्टूडेंट्स की तलाशी ली गई। एक सेंटर पर हिजाब पहन कर आई छात्रा को एंट्री नहीं दी गई।

### 2 लाख से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात, एयरफोर्स ने पेपर पहुंचाए

इस साल 3 मई को नीट यूजी की परीक्षा हुई थी लेकिन पेपर लीक के आरोपों के बाद 12 मई को एनटीए ने इसे रद्द कर दिया। अब एजेंसी री-एग्जाम करा रही है। एनटीए के मुताबिक, री-एग्जाम में पूरे देश के एग्जाम सेंटरों पर 2 लाख से अधिक सुरक्षाकर्मी, 674 सिटी कोऑर्डिनेटर और 6,669 ऑब्जर्वर तैनात किए गए हैं। पेपर लीक रोकने के लिए पहली बार भारतीय वायुसेना के विमान और हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल किया गया है।

### पीएम मोदी ने दिल्ली एयरपोर्ट पर 45 मिनट इंतजार किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार दोपहर 1.15 बजे कोलकाता से दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे थे लेकिन, तुरंत अपने आवास के लिए रवाना होने की बजाय 45 मिनट एयरपोर्ट पर ही रुके रहे। नीट री-एग्जाम दोपहर 2 बजे से शुरू होने वाले थे। ट्रैफिक बाधित न हो और स्टूडेंट्स को एग्जाम सेंटर्स तक पहुंचने में कोई दिक्कत न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए पीएम एयरपोर्ट से 2 बजे के बाद ही रवाना हुए। नीट री-एग्जाम में मध्य प्रदेश के कई केंद्रों पर सख्ती देखने को मिली। एनटीए के नियम के अनुसार दोपहर 1.30 बजे गेट बंद कर दिए गए।

# भरत तिवारी एनकाउंटर केस की होगी न्यायिक जांच

● सीएम सम्राट ने दिए आदेश; एनकाउंटर या मर्डर हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज करेंगे जांच

**आरा (एजेंसी)।** भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में अखबारों में छपी खबर का बड़ा असर हुआ है। सीएम सम्राट चौधरी ने भरत तिवारी एनकाउंटर मामले की जांच हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज से कराने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि न्यायिक जांच का उद्देश्य घटना के सभी पहलुओं की निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ जांच सुनिश्चित करना है। इस एनकाउंटर के बाद अखबार भरत तिवारी की मौत के जिम्मेदार 4 चेहरों को सामने लाया था। इसके बाद हमने एनकाउंटर को लेकर पुलिस के 5 दावों की हकीकत भी बतलाई थी। हम प्रमुखता से इसे उठाते आए। अब सरकार को न्यायिक जांच के आदेश देने पड़े हैं। एनकाउंटर मामले में पुलिस ने अलग-अलग 2 एफआईआर दर्ज की है।



पहली एफआईआर अवैध हथियार रखने, सरकारी काम में बाधा पहुंचाने, पुलिस पर फायरिंग करने और आरोपी को संरक्षण देने के आरोप में दर्ज की गई है। इसमें भरत के पिता और भाई को आरोपी बनाया गया है। दूसरी एफआईआर पुलिस मुठभेड़ से संबंधित है। इधर, मुठभेड़ में मारे गए भरत भूषण तिवारी की मां आशा देवी ने भी आरोपी पुलिसकर्मी पर भी केस दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया है। उन्होंने जगदीशपुर और शाहपुर के तत्कालीन थानाध्यक्ष के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। पुलिस ने इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया है। वहीं, पटना हाईकोर्ट के एडवोकेट रजनीश कुमार ने इसे फर्जी मुठभेड़ बताया है।

### भरत पुलिस को लगातार चुनौती दे रहा था

प्राथमिकी के अनुसार, कई बार आत्मसमर्पण करने की चेतावनी देने के बावजूद भरत फायरिंग करता रहा। एक हाथ में मोबाइल और दूसरे हाथ में पिस्टल लेकर वह लगातार पुलिस को चुनौती देता रहा। पुलिस का यह भी दावा है कि एक बार उसने पिस्टल फेंक दी थी, लेकिन जब एक जवान हथियार उठाने आगे बढ़ा तो उसने दोबारा पिस्टल उठाकर पुलिस टीम पर दो राउंड फायरिंग कर दी। इसके बाद आत्मरक्षा में एक जवान ने कमर के नीचे वार किया।



### घटनास्थल से पिस्टल, खोखा, कारतूस बरामद

प्राथमिकी में घटनास्थल से दो खोखा, एक देसी पिस्टल, एक मैगजीन और दो जिंदा कारतूस बरामद होने का उल्लेख किया गया है। पुलिस के अनुसार मुठभेड़ के दौरान भरत भूषण ने 10 से 12 राउंड और पुलिस ने आत्मरक्षा में पांच राउंड फायरिंग की। साथ ही यह भी कहा गया है कि भरत भूषण वर्ष 2025 में दर्ज एससी-एसटी एक्ट और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने से जुड़े एक मामले में आरोपी रह चुका था।

# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय...

# मुस्लिमों से नफरत के चलते इजराइल बर्बादी की ओर

किसी भी व्यक्ति, समाज या देश में यदि नकारात्मकता आ जाए तो वह किसी वयक्ति, समाज, धर्म और देश से नफरत करने लगता है। नफरत के चलते वह अपने व्यक्तिगत विकास समाज के विकास एवं देश के विकास को भूलकर वह उस व्यक्ति, समाज, धर्म एवं देश के बारे में ज्यादा सोचने लगता है और उसके कमजोर करने, बर्बाद करने के बारे में ही फोकस करता है। विश्व में एक देश है इजराइल जिसमें यहूदी धर्म के लोग रहते है। यहूदी बहुत मेहनती और दिमाग के तेज माने जाते है। हिटलर ने जर्मनी में 60 लाख यहूदियों को मार दिया था। इसके पीछे कहा जाता है कि उस समय यहूदी जर्मन के ईसाइयों को बर्बाद करने की योजना बनाकर काम करते थे। हिटलर ने यहूदियों की योजना पूरी होने से पहले ही करीब 60 लाख यहूदियों की हत्या कर दी थी। जर्मनी से कुछ हजार यहूदी भागकर फिलिस्तान आ गए और फिलिस्तीनियों से शरण मांगी थी। फिलिस्तीनियों ने यहूदियों के उस बुरे वक्त में उनका साथ दिया और अपने देश में उन्हें बसाया। इसके बाद में यहूदियों ने बहुत मेहनत की और तेजी से आर्थिक और बौद्धिक विकास किया। यहूदियों की बौद्धिकता के चर्चे दुनियाभर में प्रसिद्ध थे। उन्होंने फिलिस्तीनियों के अधिकारों को छीनना शुरू कर दिया। उनकी जमीनों पर कब्जा करना जारी रखा और आगे चलकर यहूदियों का अलग देश इजराइल बना लिया। यहूदियों ने अपना अलग देश बनाने के बाद भी फिलिस्तीन के लोगों की जमीनों पर कब्जा करना जारी रखा। धीरे-धीरे इजराइल के यहूदी ताकतवर हो गए और फिलिस्तीनियों पर अत्याचार करने लगे। इजराइल की ताकत बढ़ती गई और वह पड़ोसी मुस्लिम देशों के प्रति नकारात्मक रवैया रखने लगा। वहीं मुस्लिम धर्म और मुसलमानों से जुनूनी नफरत में डूब गया। इजराइल ने विश्व के मुसलमानों को बदनाम करने के लिए प्रोपेगेंडा चलाया और उनके आतंकवादी और अशांति का पर्याय बताने की कोशिश की। विश्व के कई देश, समूहों और धार्मिक लोगों से मिलकर मुसलमानों को बर्बाद करने की गतिविधियां चलाई गई। इजराइल किसी न किसी बहाने से लाखों मुसलमानों की हत्या कर चुका है। मुसलमानों के प्रति नफरत में डूबा हुआ है। प्रकृति का नियम माने या ईश्वर का सिद्धांत कि नफरत करने वाले एक दिन स्वयं या दूसरे के द्वारा बर्बाद कर दिए जाते है। यही इजराइल के साथ हो रहा है। नफरत के चलते इजराइल ने विश्व में मुस्लिम समुदाय, समाज और देशों को बर्बाद करने की कोशिश की, लेकिन वर्तमान में वहीं इजराइल मुसलमानों के हाथ या मुस्लिम देशों के हाथ बर्बाद होने की ओर बढ़ रहा है। इजराइल की बर्बादी निश्चित मानी जा रही है। वर्तमान में आधा इजराइल ईरान, हिजबुल्लाह और हमास की बमबारी से खंडर और नष्ट हो चुका है। इसके बाद भी नफरत में डूबा हुआ है। इसलिए कहा जा सकता है कि सकारात्मक और प्रेम मोहब्बत करने वाला व्यक्ति समाज और देश में आगे बढ़ता है और नकारात्मक और नफरत करने वाला व्यक्ति बर्बाद हो जाता है।

दूषित कफ सिरप विवाद

# सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा में ऐतिहासिक फैसला



डॉ. ओपी त्रिपाठी

दरअसल, भारत में लंबे समय से ऐसी धारणा रही है कि ये सिरप आदि दवाइयां मौसमी बीमारियों के लिये नुकसान-रहित होती हैं। लेकिन पिछले कुछ समय में हुई दुखद घटनाओं ने इनके अंधाधुंध प्रयोग और दवा निर्माण से जुड़े कमजोर नियमन को ही उजागर किया है। सरकार को ये कदम अनेक दुखद घटनाओं के सामने आने के बाद उठाना पड़ा है, जब इन दवाओं के उत्पादन में गंभीर खामियां सामने आईं। कुछ समय पहले अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आरोप लगाए गए थे कि गैम्बिया,उज्बेकिस्तान और कैमरून आदि देशों में दर्जनों बच्चों की मौत भारत में बने दूषित खांसी के सिरप के उपयोग से हुई थी। इतना ही नहीं, देश के भीतर भी दूषित दवाओं से जुड़ी मौतों की खबरों ने इन सिरपों की गुणवत्ता नियमन, परीक्षण और निगरानी पर गाहे-बगाहे सवाल उठाए हैं। निश्चित रूप से इन दुखद घटनाओं ने दुनिया भर में सस्ती दवाओं की आपूर्ति करने वाले भारत की प्रतिष्ठा को नुकसान ही पहुंचाया है। सरकार की हालिया पहल को इसी दिशा में उठाया गए कदम के रूप में देखना चाहिए। लेकिन सवाल सिर्फ कफ सिरप का ही नहीं है। सरकार के इस कदम का सीधा असर अब सिरप-बेस्ड दवाओं की बिक्री पर पड़ेगा। इस ऐतिहासिक बदलाव के बाद खांसी की दवाई...

**केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने एक नोटिफिकेशन जारी किया है, जिसके तहत खांसी की सिरप समेत सभी तरह की सिरप अब बिना डॉक्टर की पर्ची के नहीं मिलेंगी। इन सिरप को खरीदने के लिए डॉक्टर की पर्ची जरूरी होगी। सरकार ने ड्रग्स रूल्स, 1945 में एक नया बदलाव करके कफ सिरप समेत सभी सिरप की बिक्री के नियमों को सख्त कर दिया है। इसका मतलब अब ग्राहकों को फार्मेसी से ऐसी दवाएं खरीदने के लिए डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन की जरूरत पड़ेगी। यह कदम मध्य प्रदेश और राजस्थान में दूषित कफ सिरप पीने से बच्चों की मौत के कुछ महीनों बाद उठाया गया है। इन घटनाओं ने आम तौर पर इस्तेमाल होने वाली लिक्विड दवाओं की सुरक्षा और रेगुलेशन को लेकर नई चिंताएं पैदा कर दी थीं। इन घटनाओं के बाद सिरप बनाने और बेचने के तरीकों पर कड़ी निगरानी और सख्त जांच की मांग फिर से उठने लगी थी। आम भारतीयों की आदत में शुमार है कि लोग अक्सर खांसी-बुखार की दवाइयां यह जाने बगैर सेवन करते हैं कि उनमें क्या-क्या मिला है। यह भी कि इनके उपयोग से हमारे शरीर में क्या-क्या साइड-इफेक्ट हो सकते हैं। यह भी जानने की कोशिश नहीं होती है कि इन सिरप आदि को अन्य दवाओं के साथ लेने से क्या-क्या नकारात्मक प्रतिक्रिया हमारे शरीर में हो सकती है। यह जाने बगैर कि घरेलू नीम-हकीमी जान को खतरे में भी डाल सकती है।** भारत तथा कई अन्य देशों में देश में बने सिरप के सेवन से बच्चों की मृत्यु से दवा उद्योग पर आंच आई थी। यही वजह है कि खांसी व अन्य दवाओं के सिरप की बिना डॉक्टर की पर्ची के बिक्री पर रोक लगाने का फैसला सरकार को लेना पड़ा है। निश्चय ही केंद्र सरकार द्वारा यह फैसला सही समय पर लिया गया जरूरी कदम कहा जा सकता है। निस्संदेह, सरकार के इस कदम को सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ी सुरक्षा को मजबूत करने की बड़ी कोशिश का हिस्सा माना जाना चाहिए। हाल की कुछ दुखद घटनाओं के घातक परिणामों के मद्देनजर लोगों को हर खांसी-जुकाम आदि छोटे-मोटे रोगों के लिये खुद दवा लेने की आदत से परहेज करना चाहिए। दरअसल, भारत में लंबे समय से ऐसी धारणा रही है कि ये सिरप आदि दवाइयां मौसमी बीमारियों के लिये नुकसान-रहित होती हैं। लेकिन पिछले कुछ समय में हुई दुखद घटनाओं ने इनके अंधाधुंध प्रयोग और दवा निर्माण से जुड़े कमजोर नियमन को ही उजागर किया है। सरकार को ये कदम अनेक दुखद घटनाओं के सामने आने के बाद उठाना पड़ा है, जब इन दवाओं के उत्पादन में गंभीर खामियां सामने आई। कुछ समय पहले अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आरोप लगाए गए थे कि गैम्बिया,उज्बेकिस्तान और कैमरून आदि देशों में दर्जनों बच्चों की मौत भारत में बने दूषित खांसी के सिरप के उपयोग से हुई थी। इतना ही नहीं, देश के भीतर भी दूषित दवाओं से जुड़ी मौतों की खबरों ने इन सिरपों की गुणवत्ता नियमन, परीक्षण और निगरानी पर गाहे-बगाहे सवाल उठाए हैं। निश्चित रूप से इन दुखद घटनाओं ने दुनिया भर में सस्ती दवाओं की आपूर्ति करने वाले भारत की प्रतिष्ठा को नुकसान ही पहुंचाया है। सरकार की हालिया पहल को इसी दिशा में उठाया गए कदम के रूप में देखना चाहिए। लेकिन सवाल सिर्फ कफ सिरप का ही नहीं है। सरकार के इस कदम का सीधा असर अब सिरप-बेस्ड दवाओं की बिक्री पर पड़ेगा। इस ऐतिहासिक बदलाव के बाद खांसी की दवाई समेत सभी प्रकार के सिरप अब 'ओवर-द-काउंटर' यानी बिना पर्चे के नहीं बेचे जा सकेंगे। अब किसी भी मेडिकल स्टोर से सिरप खरीदने के लिए मरीजों को अनिवार्य रूप से डॉक्टर का पर्चा दिखाना होगा, जिसके बाद ही दवा दी जाएगी। इस बड़े नीतिगत बदलाव के बाद, अब यदि किसी मरीज को खांसी की दवाई या कोई अन्य सिरप आधारित दवा खरीदनी है, तो उसे अनिवार्य रूप से किसी रजिस्टर्ड डॉक्टर का वैध पर्चा दिखाना होगा. बिना पर्चे के कोई भी केमिस्ट या फार्मासिस्ट ग्राहकों को सिरप नहीं बेच सकेगा. यदि कोई मेडिकल स्टोर संचालक बिना डॉक्टर के पर्चे के कफ सिरप बेचते हुए पाया जाता है, तो ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के तहत उस पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कफ सिरप के बढ़ते दुरुपयोग और सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने यह सख्त कदम उठाया है। बहरहाल, अब जब सरकार ने तय कर दिया है कि अनुभवी डॉक्टर की सलाह से ही सिरप आदि खरीदे जा सकते हैं तो मरीजों के तीमारदार तय कर सकेंगे कि किस कंपनी की गुणवत्ता वाली दवा खरीदनी है। जिससे न केवल इलाज सही हो सकेगा बल्कि यह भी सुनिश्चित हो सकेगा कि मरीज के शरीर में कोई अन्य बीमारी छूट न जाए।



लेकिन हकीकत यह भी है कि सिर्फ कठोर कानून बनाने मात्र से ही बेहतर परिणाम हासिल नहीं किए जा सकते हैं। भारत में पहले से ही दवाइयों की बिक्री के नियमन से जुड़े कानूनों की कमी नहीं है। इसके बावजूद डॉक्टर की पर्ची पर ही उपलब्ध होने वाली दवाइयां अक्सर बिना पर्याप्त जांच-पड़ताल के ही आसानी से मेडिकल स्टोरों में मिल जाया करती हैं। एक चिकित्सक होने के नाते मेरा अनुभव है कि कई माता- पिता डॉक्टर से सलाह के बिना ही खुद से कफ सिरप खरीकर बच्चे को देना शुरू कर देते हैं, लेकिन यह ठीक नहीं है। खासतौर पर दो साल से छोटे बच्चों को डॉक्टर की सलाह के बिना सिरप बिलकुल न दें। ऐसा इसलिए क्योंकि इन सिरप में एंटीहिस्टामाइन हो सकता है। इससे गंभीर और जानलेवा साइड इफेक्ट हो सकते हैं। इन दवाओं के साइड इफेक्ट में दौरे पड़ना, दिल की धड़कन तेज होना और कुछ मामलों में मौत तक हो सकती है। ऐसा अक्सर तब होता है जब इनका तय मात्रा से ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है। अधिकतर बच्चों में खांसी की समस्या वायरल इंफेक्शन की वजह से होती है। ये अपने आप ही कुछ दिनों में ठीक हो जाता है, लेकिन कुछ माता-पिता हल्की खांसी में ही सिरप दे देते हैं। बच्चे को आराम तो खुद ही होता है, लेकिन उनको लगता है कि ऐसा कफ सिरप देने से हुआ है। इस वजह से जब भी बच्चे को खांसी होती है तो माता- पिता उसको सिरप देने लगते हैं। हल्की खांसी में सिरप की जरूरत नहीं है, लेकिन अगर खांसी के कारण बच्चे की नींद पूरी नहीं हो रही है, उसके सीने में दर्द है, कफ की वजह से सांस लेने में दिक्कत आ रही है, तो डॉक्टर की सलाह पर ही सिरप की सही खुराक दी जानी चाहिए। डॉक्टर को किसी विशेष बीमारी जैसे ब्रोंकाइटिस, अस्थमा के लक्षण दिखते हैं तो तब भी वह कफ सिरप दे सकते हैं।

आर्थिकी

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा



# आयात निर्भरता होगी कम 100 उत्पाद होंगे चिन्हित

आयात निर्भरता कम करने की दिशा में भारत सरकार ने ठोस कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। देश में आयात में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है तो इलेक्ट्रोनिक उत्पादों का आयात 100 अरब डॉलर के आंकड़े को भी पहली बार पार कर गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्र प्रथम, मेड इन इण्डिया और वोकल फॉर लोकल को केवल जुमला के स्थान पर धरातल पर उतारने को कटिबद्ध हो गए हैं। पिछले दिनों देश में 100 सर्वाधिक आयात होने वाले उत्पादों को चिन्हित कर उनका देश में ही उत्पादन बढ़ाने की दिशा में ठोस प्रयास शुरू किए गए हैं। उद्योग एवं व्यापार संवर्धन विभाग के सचिव की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन कर 3 सप्ताह में सरकार को रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है। इसके लिए 6 क्षेत्र विशेष कार्य समूह का गठन किया गया है। कमेटी द्वारा एक मोटे अनुमान के अनुसर 500 आयात होने वाले प्रमुख उत्पादों का अध्ययन किया जाएगा और इनमें से पहले चरण में 100 उत्पादों का चयन किया जाएगा। इन 100 उत्पादों का उत्पादन देश में ही बढ़ाया जाएगा ताकि विदेशों से आयात पर निर्भरता कम हो सके। दरअसल देश में 2025-26 में 7.5 प्रतिशत ग्रोथ के साथ 775 अरब अमेरिकी डॉलर के उत्पाद आयात हुए हैं। इनमें भी 18 प्रतिशत की विकास दर के साथ सर्वाधिक 116 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद आयात किए गए हैं। देश में प्रमुखतः 6 क्षेत्रों में आयात हो रहा है। इनमें फार्मास्यूटिकल, बायोटेक, मेडिकल क्षेत्र, रसायन और पेट्रोकेमिकल, कपड़े, जूते आदि सेक्टर, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रिक वाहन ईवी और पूजीगत सामानों का आयात सेक्टर, उर्जा क्षेत्र, निर्माण और संरचना क्षेत्र और रक्षा, एयरोस्पेस, इलेक्ट्रॉनिक आदि सेक्टर हैं। यह कमेटी इन सेक्टरों के 500 प्रमुख उत्पादों में से 100 उत्पाद चिन्हित करेंगी, जिनका उत्पादन देश में बढ़ाया जा सके और आयात में निर्भरता को कम किया जा सके। कमेटी ने काम आरंभ कर दिया है और सरकार की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि कमेटी को 3 सप्ताह में अपनी रिपोर्ट सरकार को देने के लिए कहा गया है। इसका मतलब यह है कि सरकार सर्वाधिक आयात होने वाले 100 उत्पादों का उत्पादन देश में ही बढ़ाने के लिए संकल्पित है। दरअसल प्रधानमंत्री वोकल फॉर लोकल की बात हवा में नहीं करते रहे हैं। मेड इन इंडिया और इसकी ब्रॉण्डिंग की बात भी हवा-हवाई ना होकर इसके पीछे आयात को कम करने और भारतीय उत्पादों की विदेशों में पहचान बनाने और बाजार विकसित करने में हैं। इसी दिशा में बढ़ता एक कदम सरकार को एक जिला एक उत्पाद कार्यक्रम है। एक बात तो यह साफ हो जानी चाहिए कि भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता और पहचान रही है। आगे भी इसके ठोस प्रयास करने होंगे। दूसरी यह कि आयात का सीधा अर्थ है कि इन उत्पादों की हमारे देश में काफी मांग है और इस मांग की पूर्ति नहीं हो पर रही है और विदेशों से आयात पर निर्भरता बनी हुई है। ऐसे में योजनाबद्ध तरीके से आयात घटाने, स्थानीय आवश्यकता की देश में ही आपूर्ति सुनिश्चित करने और निर्यात बढ़ाने की दिशा में कदम बढ़ाने की आवश्यकता है और सरकार के इन प्रयासों में यही परिलक्षित हो रहा है। किसी भी देश के आर्थिक स्वास्थ्य के लिए आयात पर निर्भरता कम होनी चाहिए। देश में ही उत्पादन होने लगता है तो एक और विदेशी मुद्रा की बचत होती है तो दूसरी और देश में ही रोजगार, निवेश और सरकारी राजस्व के साथ ही इकोनॉमी का बूस्ट मिलता है। केन्द्र सरकार ने देश में ही उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन योजना सहित अनेक कदम उठाने जा रही है। इसे इस दृष्टि से शुभ संकेत व सरकार की गंभीरता के रूप में समझा जा सकता है। केन्द्र सरकार ने देश में ही उत्पादन बढ़ाने के लिए पीएलआई यानी प्रोडक्शन लिंक्ड इंस्टेटिव योजना लागू की है। इसमें इलेक्ट्रॉनिक, फार्मा, ऑटोमोबाइल, रसायन सहित 14 प्रमुख क्षेत्रों को प्रोडक्शन लिंक्ड इंस्टेटिव के दायरें में लाया गया है। देश में आरएण्डी सेल बनाकर शोध एवं अनुसंधान पर जोर दिया जा रहा है। विदेशों से आयात कर डंपिंग पर रोक लगाने के लिए एंटी डंपिंग शुल्क लगाने के साथ ही योजनाबद्ध तरीके से मेड इन इंडिया को प्रोत्साहित किए जाने पर जोर दिया जा रहा है। देश को आर्थिक दृष्टि से सशक्त राष्ट्र बनाने के लिए आयात पर निर्भरता तो कम करनी ही होगी। आज विदेशी के नाम पर देशवासियों खासतौर से अमीर लोगों की खरीद की प्रवृति को भी बदलने की आवश्यकता है। माना जाना चाहिए कि उद्योग सचिव की कमेटी द्वारा 100 उत्पादों के चिन्हिकरण और ठोस योजना के साथ रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी और सरकार द्वारा भी कमेटी की सिफारिश के अनुसार चिन्हित इन उत्पादों के उत्पादन बढ़ाने की खासतौर से स्थानीय मांग की पूर्ति की कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन करना होगा।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# पसंद और नापसंद से मुक्त होना जरूरी



संकलित

दर्शन

आपने देखा होगा कि लोग बड़े गर्व से अक्सर कहते हैं, 'मुझे यह पसंद है, इसलिए मैं यह करके रहूंगा और वह मुझे पसंद नहीं है, इसलिए उसे मैं बिल्कुल नहीं करूंगा, क्योंकि मैं स्वाधीन हूं।' क्या आपने कभी ध्यान दिया है कि यह सोच सचमुच आपकी स्वाधीनता से जन्मा है? यह स्वाधीनता नहीं है, यह तो बेबसी है, लाचारी है। पसंद और नापसंद की बेड़ियों में आज लगभग पूरी मानवता जकड़ी हुई है। सभी पारिवारिक झगड़ों की जड़ में लोगों की व्यक्तिगत पसंद और नापसंद ही होती हैं। पसंद और नापसंद को लेकर समाज, राष्ट्र और धर्म तक बंटे हुए हैं। जब हमारे सोच का दायरा बहुत सीमित होता है, हम कई तरह के पूर्वाग्रहों से ग्रस्त हो जाते हैं, फिर हम पर पसंद और नापसंद की सनक सवार हो जाती है। तब हम उसे नहीं देख पाते, जिसकी जरूरत है। हम वही करते हैं, जिसे हम पसंद करते हैं। वह नहीं करते, जिसे किए जाने की आवश्यकता है। फिर शुरू होता है अविराम झंझटों व विवादों का सिलसिला और उसी में उलझकर रह जाता है हमारा लघु-जीवन। योग परंपरा में भीतरी आयाम को बहुत गहराई से देखा गया और भीतरी पराधीनता से मुक्त होने की कई तकनीकों का आविष्कार किया गया, क्योंकि जो भीतरी पराधीनता का शिकार नहीं है, उसे कोई बाहरी शक्ति उस पर नियंत्रण नहीं कर सकती। पसंद और नापसंद की सनक से मुक्त होने के लिए हमें अपनी चेतना पर काम करना होगा। एक जागरूक व्यक्ति ही यह देख पाने में सक्षम होता है कि किसी विशेष परिस्थिति में क्या आवश्यक है और क्या किया जाना चाहिए।

# मन को कभी भी निराश न होने दें



संकलित

प्रेरणा

सुबह होते ही, एक भिखारी सेठजी के घर पर भिक्षा मांगने के लिए पहुंच गया। भिखारी ने दरवाजा खटखटाया, सेठजी बाहर आए पर उनकी जेब में देने के लिए कुछ न निकला। वे कुछ दुखी होकर घर के अंदर गए और एक बर्तन उठाकर भिखारी को दे दिया। भिखारी के जाने के थोड़ी देर बाद ही वहां सेठजी की पत्नी आई और बर्तन न पाकर चिल्लाने लगीः अरे! क्या कर दिया आपने चांदी का बर्तन भिखारी को दे दिया। दौड़ो-दौड़ो और उसे वापिस लेकर आओ। सेठजी दौड़ते हुए गए और भिखारी को रोक कर कहाः भाई मेरी पत्नी ने मुझे जानकारी दी है कि यह गिलास चांदी का है, कृपया इसे सस्ते में मत बेच दीजिएगा। वही पर खड़े सेठजी के एक मित्र ने उससे पूछाः मित्र! जब आपको पता चल गया था कि ये गिलास चांदी का है तो भी उसे गिलास क्यों ले जाने दिया? सेठजी ने मुस्कुराते हुए कहाः मन को इस बात का अभ्यस्त बनाने के लिए कि वह बड़ी से बड़ी हानि में भी कभी दुखी और निराश न हो! मन को कभी भी निराश न होने दें, बड़ी से बड़ी हानि में भी प्रसन्न रहें। मन उदास हो गया तो आपके कार्य करने की गति धीमी हो जाएगी। इसलिए मन को हमेशा प्रसन्न रखने का प्रयास। इसी लिए कहां गया है, मन प्रसन्न तो आप प्रसन्न। प्रसन्न मन हमारे शरीर पर काफी प्रभाव डालता है। प्रसन्न मन से किए गए कार्य में सफलता की संभावना अधिक होती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अपराध की दुनिया में महिलाओं की सक्रियता

आधुनिक डिजिटल युग में देश जैसे-जैसे स्मार्ट और तकनीकी रूप से उन्नत होता जा रहा है, वैसे-वैसे अपराधों की संख्या और उन्हें अंजाम देने के तौर तरीकों में भी निरंतर वृद्धि हो रही है। भारत में अपराध जगत में महिलाओं की भागीदारी अभी भी पुरुषों की तुलना में कम है, किंतु पिछले कुछ वर्षों में इसमें आई बढ़ोतरी निश्चित रूप से चिंतन और चिंता का विषय है। वर्तमान समय में महिलाओं की अपराधों में संलिप्तता केवल परिवार के पुरुष सदस्यों के अवैध कारोबार में सहयोग करने तक सीमित नहीं रह गई है। मादक पदार्थों की तस्करी, आर्थिक अपराध, साइबर धोखाधड़ी, बच्चों की चोरी, मानव तस्करी और हत्या जैसे जघन्य अपराधों में भी महिलाओं की भागीदारी के मामले सामने आ रहे हैं। इस संबंध में प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए।

*-प्रदीप डांगे, भिलाई*

## ट्रेंड

### महिला हॉकी टीम को बधाई



भारतीय हॉकी खिलाड़ियों ने देश का मान बढ़ाया और खुशियां दीं ! एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप जीतने पर महिला टीम को बधाई। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार खेल दिखाया। टीम को बहुत शुभकामनाएं।

- **नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### मां के नाम एक पेड़



12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर "मां के नाम एक पेड़" अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। आइए, ग्रीन वॉरियर बनकर जन-भागीदारी के साथ इस अभियान से जुड़ें और एक हरित, स्वस्थ और विकसित दिल्ली बनाने में योगदान दें।

- **रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली

### स्वस्थ समाज का निर्माण



देश के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू योग को शारीरिक स्वास्थ्य और चेतना के उत्कर्ष का माध्यम मानते थे। हम उनके विचारों को आत्मसात कर स्वस्थ, सशक्त और समृद्ध समाज के निर्माण के लिए संकल्पित हैं।

-**सुखविंदर सिंह सुखु**, सीएम, हिमाचल प्रदेश

### हिंदुओं की आस्था का केंद्र



राम मंदिर करोड़ों हिंदुओं की आस्था का केंद्र है। उसी राम मंदिर से करोड़ों रुपये का दान चोरी हो गया, फिर भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इस पाप में शामिल लोग चाहे कितने भी बड़े क्यों न हों, उन्हें सीधे जेल में डाल देना चाहिए। करोड़ों लोगों की आस्था की रक्षा करना जरूरी है।

-**अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर

# सिंगापुर में योग प्रेमियों ने योग दिवस मनाया



सिंगापुर में रविवार को एक राज्य मंत्री और भारतीय मूल के लोगों समेत सैकड़ों योग प्रेमियों ने उत्साह और समावेशन की भावना के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को मनाया। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2014 में अपनाए जाने के बाद से, हर साल 21 जून को दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इस साल के कार्यक्रम का विषय ' बढ़ती उम्र में योग से रहें निरोग' है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के तहत भारत के उच्चायोग ने इस प्राचीन अभ्यास को लोगों के करीब लाने के लिए कई आरंभिक कार्यक्रम और योग सत्र आयोजित किए। इस मौके पर सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त डॉ. शिल्पाक अंबुले ने कहा, 'सिंगापुर ने बहुसंस्कृतिवाद , कल्याण और संपोषणीय विकास के प्रति अपनी मजबूत प्रतिबद्धता संग योग को उत्साह और समावेशन भावना के साथ अपनाया है।' भारतीय उच्चायुक्त ने 'गार्डन बाय द बे' में सिंगापुर में रहने वाले भारतीय मूल के लोगों और इस द्वीप-देश के बहु-राष्ट्रीय समुदाय के योग प्रेमियों का स्वागत किया। संस्कृति, समुदाय और युवा मंत्रालय तथा परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री बे याम केंग भी सिंगापुर सरकार के प्रतिनिधि के तौर पर इस कार्यक्रम में शामिल हुए, जिसमें लगभग 350 योग प्रेमी मौजूद थे।

## ऑफ बीट

# धीरे-धीरे दौड़ने के कई फायदे आए सामने



धावकों को समय को लेकर जुनून होता है। शौकिया हों या पेशेवर, अधिकतर धावकों का उद्देश्य तेजी से दौड़ना होता है। वे अपने मैराथन समय में से कुछ सेकंड कम करने के लिए लगातार प्रशिक्षण लेते हैं। लेकिन हाल के वर्षों में दौड़ने का जो चलन जोर पकड़ रहा है, वह है 'धीमी गति से दौड़ना'। इस चलन के पीछे विचार यह है कि कोई भी दौड़ सकता है - चाहे आपकी क्षमता कुछ भी हो या आप कितनी भी तेज दौड़ें। एक मजबूत आधार विकसित करने से काम करने वाली मांसपेशियों को प्रति धड़कन अधिक ऑक्सीजन पहुंचाने की क्षमता मिलती है, जो दौड़ में सफल होने के लिए महत्वपूर्ण है। इतना ही नहीं, बल्कि धीमी गति से दौड़ने से शरीर ऊर्जा के लिए संग्रहीत वसा का इस्तेमाल करता है। यह प्रक्रिया खाद्य पदार्थों से प्राप्त कार्बोहाइड्रेट संग्रह पर निर्भर रहने के विपरीत है। शरीर में एकत्र वसा का खंडित होना चयापचय की दृष्टि से कहीं अधिक कुशल प्रक्रिया है, क्योंकि वसा के एक अणु से प्राप्त ऊर्जा की मात्रा कार्बोहाइड्रेट के एक अणु से प्राप्त ऊर्जा की मात्रा से कहीं अधिक होती है। इसका मतलब है कि धावक कुल मिलाकर कम ऊर्जा का उपयोग करेंगे और कम थकेंगे तथा दौड़ के दिन तेजी से दौड़ने में सक्षम होंगे।

# जर्जर हवेलियां कब तक निगलती रहेंगी जिंदगी?

**-8 दिन में एक ही हवेली ने ली मासूम और बुजुर्ग महिला की जान, जिम्मेदार कौन?**

**-पुरानी हवेलियों की अनदेखी बनी मौत का कारण, शिकायतों के बावजूद नहीं हुई कार्रवाई**

**-अब 50-60 लोगों ने खाली किया मकान**



**सद्दाम हुसैन**

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। चारदीवारी क्षेत्र में जर्जर हवेलियां अब लोगों के लिए आशियाना नहीं बल्कि मौत का खतरा बनती जा रही हैं। सुभाष चौक थाना क्षेत्र के चौकड़ी गंगापोल स्थित लवाण का घेर में एक ही जर्जर हवेली ने महज 8 दिन के अंदर दो जिंदगी लील लीं। हादसों के बाद सबसे बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि आखिर इन जर्जर इमारतों पर समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं होती और मासूमों व आम लोगों की जान की कीमत कब समझी जाएगी।

करीब 8 दिन पहले इसी हवेली में सो रहा 5 माह का मासूम अब्दुल कादिर जिंदगी और मौत की लड़ाई हार गया। मृतक के पिता रशीद ने बताया कि उनका बेटा गहरी नींद में सो रहा था। उसे क्या पता था कि यह उसकी जिंदगी का आखिरी दिन होगा। अचानक छत का कमजोर प्लास्टर भरभरा कर मासूम के ऊपर आ गिरा। हादसे में बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

रशीद का आरोप है कि हवेली की जर्जर हालत को लेकर कई बार मकान मालिक को अवगत करवाया गया था। स्थानीय लोगों ने भी मरम्मत या हवेली को खाली करवाने की मांग की, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया कि घटना के बाद भी उन्हें शिकायत करने पर धमकाया गया।

वहीं गुरुवार को एक बार फिर उसी हवेली ने एक और जिंदगी छीन ली। पड़ोस में रहने वाली 60 वर्षीय शाकीरा अपने घर से बाहर निकल रही थीं, तभी जर्जर हवेली का छज्जा अचानक उनके ऊपर गिर गया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत घायल महिला को बाहर निकाला और इलाज के लिए एसएमएस ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, लेकिन करीब 3 घंटे बाद शाकीरा ने दम तोड़ दिया। दो मौतों के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से हवेली की हालत खराब थी और कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका जताई जा रही थी। लोगों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार विभागों ने समय रहते कदम नहीं उठाया। निवर्तमान पार्षद पति सना वसीम खान ने कहा कि नगर निगम अतिक्रमण और अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई करता है, लेकिन चारदीवारी क्षेत्र में कई पुरानी और जर्जर हवेलियां हादसों को न्योता दे रही हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कई बार अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। घटना की सूचना पर सुभाष चौक थाना पुलिस मौके पर पहुंची। कार्यवाहक थाना प्रभारी ओमवीर ने जर्जर हवेली का निरीक्षण किया और वहां रह रहे लोगों को समझाइश देते हुए कहा कि जान जोखिम में डालकर रहना उचित नहीं है। पुलिस की समझाइश के बाद हवेली में रह रहे करीब 50-60 लोगों ने अपना सामान निकालकर मकान खाली कर दिया।

**अब सवाल यही है —**

क्या प्रशासन की कार्रवाई दो मौतों के बाद ही होगी? क्या जर्जर हवेलियों में रहने वाले लोगों की जिंदगी इतनी सस्ती है? या फिर किसी बड़े हादसे का इंतजार किया जाएगा?

# फरहान कुरैशी जिला कांग्रेस महासचिव नियुक्त



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान प्रदेश OBC कांग्रेस कमेटी की जयपुर जिला कार्यकारिणी घोषित में मोहम्मद फरहान कुरैशी को महासचिव के पद पर नियुक्त किया गया। फरहान कुरैशी ने किशनपोल विधानसभा क्षेत्र के विधायक अमीन कागज़ी व शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। मोहम्मद फरहान कुरैशी कांग्रेस के युवा नेता है और राजनीति के जरिए समाज सेवा और देशसेवा करना चाहते है।

# रामबाग सर्किल पर एआई स्क्रीन से होगी चालान उल्लंघनकर्ताओं की पहचान

**-बकाया चालान भी होंगे प्रदर्शित**




**हरी चौधरी**

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजधानी जयपुर के व्यस्त रामबाग सर्किल पर यातायात नियमों के उल्लंघन पर अंकुश लगाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने नई तकनीक का प्रयोग शुरू किया है। यहां कैमरों और बड़ी डिजिटल स्क्रीन के माध्यम से वाहनों की पहचान कर उनके लंबित चालान, जुर्माने की राशि तथा पीयूसी एवं बीमा की स्थिति प्रदर्शित की जा रही है। ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों के अनुसार रामबाग सर्किल पर लगाए गए एआई कैमरे गुजरने वाले वाहनों के नंबर प्लेट को स्कैन करते हैं। इसके बाद संबंधित वाहन के लंबित चालान, किए गए यातायात अपराधों की संख्या और बकाया जुर्माने की जानकारी स्क्रीन पर दिखाई जाती है। यदि किसी वाहन का प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (PUC) या बीमा समाप्त हो चुका है तो उसकी जानकारी भी स्क्रीन पर प्रदर्शित होती है।

पुलिस का कहना है कि इस व्यवस्था का उद्देश्य यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा लंबित चालानों की वसूली को प्रभावी बनाना है। स्क्रीन पर वाहन संबंधी जानकारी प्रदर्शित होने के बाद मौके पर मौजूद ट्रैफिक कर्मी संबंधित वाहन को रोककर आवश्यक कार्रवाई करते हैं। जिन मामलों में चालान न्यायालय में विचाराधीन नहीं होता, वहां मौके पर ही चालान का निस्तारण और भुगतान कराया जा सकता है।

अधिकारियों ने बताया कि जिन वाहनों पर 10 से 15 या उससे अधिक चालान लंबित पाए जाते हैं, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई भी की जा सकती है। वहीं यदि किसी वाहन चालक को लगता है कि उसका चालान गलत तरीके से जारी किया गया है तो वह निर्धारित प्रक्रिया के तहत आपत्ति दर्ज करा सकता है। जांच में चालान गलत पाए जाने पर उसमें आवश्यक सुधार किया जाएगा।

फिलहाल यह व्यवस्था रामबाग सर्किल पर परीक्षण के तौर पर लागू की गई है। ट्रायल सफल रहने पर इसे शहर के अन्य प्रमुख चौराहों पर भी लागू करने पर विचार किया जा सकता है। इस संबंध में अंतिम निर्णय पुलिस प्रशासन और यातायात विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लिया जाएगा। ट्रैफिक पुलिस का मानना है कि नई तकनीक के उपयोग से यातायात नियमों के उल्लंघन पर प्रभावी नियंत्रण लगेगा और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा।

# मदरसा बागो बहार में स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का सफल आयोजन



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। सामाजिक सेवा और मानवता की मिसाल पेश करते हुए बदनपुरा स्थित मदरसा बागो बहार में रविवार को विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, परामर्श, दवा वितरण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। कुल 540 लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श एवं दवा वितरण की सुविधा का लाभ उठाया। वहीं आयोजित रक्तदान शिविर में 42 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। सभी रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान प्रदेश सचिव एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष, राजस्थान अल्पसंख्यक विभाग, इमरान कुरैशी, राजलक्ष्मी महिला कॉपरेटिव बैंक के सीईओ इकबाल खान रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में नाथू सिंह गुर्जर, पार्षद प्रतिनिधि शाकिर खान, पूर्व पार्षद शफीक कुरैशी तथा डॉ. फरहद चौधरी उपस्थित रहे। शिविर का आयोजन बाबू अंसारी एवं डॉ. यासीन अली के नेतृत्व में किया गया। एनएचबीएच हॉस्पिटल की ओर से विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श एवं दवाइयों का वितरण किया।आयोजकों ने बताया कि ऐसे जनसेवा कार्यक्रम आगे भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे, ताकि जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। शिविर की सफलता में स्थानीय नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्वयं सेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# भिश्ती समाज में चुनावी प्रक्रिया तेज



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। भिश्ती समाज एकता मंच, जयपुर (राजस्थान) के तत्वावधान में आगामी 12 जुलाई 2026 को भिश्ती (अब्बासी) समाज के चुनाव आयोजित किए जाएंगे। चुनाव की नामांकन प्रक्रिया 18 जून 2026 से प्रारम्भ हो चुकी है। दिनांक 20 जून 2026 को भिश्ती समाज एकता मंच के चुनाव हेतु तीन महत्वपूर्ण पदों के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए गए। इसमें: एडवोकेट अब्दुल हकीम खां अब्बासी ने अध्यक्ष पद के लिए, मोहम्मद सलीम ने महासचिव पद के लिए, जाकिर हुसैन अब्बासी ने कोषाध्यक्ष पद के लिए अपना-अपना नामांकन प्रस्तुत किया। सभी प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र मुख्य निर्वाचन अधिकारी जाहिद अली सिद्दीकी को विधिवत सौंपे। इस अवसर पर समाज के गणमान्य लोग एवं उपस्थित सदस्यों ने चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी, लोकतांत्रिक एवं समाज की एकता को मजबूत करने वाला कदम बताते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। सभी ने आशा व्यक्त की कि 12 जुलाई को होने वाला यह चुनाव भिश्ती (अब्बासी) समाज के इतिहास में एक नया अध्याय स्थापित करेगा तथा समाज में संगठन, शिक्षा, भाईचारे और तरक्की को नई दिशा प्रदान करेगा।

# राजस्थान में सरकार नहीं, सर्कस चल रहा है - खाचरियावास

**-जब मंत्री ही न्याय मांगने एसीबी पहुंचे, तो समझिए सरकार फैल हो चुकी है**



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा की मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) मुख्यालय पहुंचते है, राज्य का एक कैबिनेट मंत्री खुद एसीबी कार्यालय जाकर कह रहा है कि यदि मैं दोषी हूं तो मुझे गिरफ्तार कर लो। इससे बड़ी विडंबना और सरकार की विफलता का उदाहरण कोई नहीं हो सकता।

**राजस्थान में सरकार नहीं, बल्कि एक सर्कस चल रहा है!**

खाचरियावास ने कहा कि मुख्यमंत्री को प्रदेश की जनता को बताना चाहिए कि आखिर उनकी ही सरकार का मंत्री किसके खिलाफ लड़ रहा है और किससे न्याय मांग रहा है। यदि मंत्री स्वयं यह कह रहे हैं कि उनके खिलाफ षड्यंत्र रचा जा रहा है, तो यह भाजपा सरकार के भीतर व्याप्त गुटबाजी, अविश्वास और सत्ता संघर्ष को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग मुख्यमंत्री के पास है, पूरी प्रशासनिक मशीनरी भाजपा सरकार के नियंत्रण में है, फिर भी एक मंत्री को एसीबी के दरवाजे पर जाकर अपनी बात रखनी पड़ रही है। इससे स्पष्ट है कि सरकार के भीतर न समन्वय बचा है और न ही जवाबदेही। खाचरियावास ने बीज निगम के डायरेक्टर की नियुक्ति का मुद्दा उठाते हुए कहा कि जिस व्यक्ति की नियुक्ति की गई, उसके पास से 2 करोड़ 33 लाख रुपये से अधिक की राशि बरामद हुई। यह मामला केवल भ्रष्टाचार का नहीं, बल्कि सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। भाजपा सरकार को बताना चाहिए कि ऐसे लोगों को संरक्षण किसके इशारे पर मिला।

खाचरियावास ने कहा कि आज राजस्थान की जनता महंगाई, बेरोजगारी, कानून-व्यवस्था और भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं से जूझ रही है, जबकि भाजपा सरकार आपसी खींचतान और राजनीतिक संघर्ष में उलझी हुई है। सरकार के मंत्री ही सरकार पर सवाल उठा रहे हैं, जिससे यह साबित हो गया है कि भाजपा सरकार पूरी तरह दिशाहीन और असफल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करती है तथा मुख्यमंत्री से आग्रह करती है कि जनता के सामने सच रखा जाए कि आखिर सरकार के भीतर चल क्या रहा है।

# कूड़े के ढेर पर भोजन तलाशती दिखीं गायें

**- स्थानीय लोगों ने निगम की सफाई व्यवस्था पर उठाए सवाल**




जयपुर (रॉयल पत्रिका)। शहर के चांदपोल, स्टेशन रोड के रिहायशी इलाके में कूड़े के ढेर के बीच भोजन तलाशती गायों का मामला सामने आया है। क्षेत्र में फैली गंदगी और खुले में पड़े कचरे को लेकर स्थानीय लोगों ने नगर निगम की सफाई व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। लोगों का कहना है कि कचरा नियमित रूप से नहीं उठाया जा रहा, जिसके कारण सड़क किनारे गंदगी जमा हो रही है और आवारा पशु उसी में भोजन खोजने को मजबूर हैं।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, कचरा वाहन समय पर नहीं आने से लोग मजबूरी में कचरा सड़क किनारे डाल देते हैं। उनका आरोप है कि कई दिनों तक कचरा पड़ा रहता है, जिससे दुर्गंध फैलती है और कुत्ते तथा गाय जैसे पशु उसमें भोजन तलाशते दिखाई देते हैं।

क्षेत्र के कुछ लोगों ने बताया कि आसपास की दुकानों और घरों से निकलने वाला कचरा भी इसी स्थान पर फेंका जाता है। निवासियों का कहना है कि उन्होंने इस संबंध में जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों से शिकायत की है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। मौके पर मौजूद लोगों ने दावा किया कि सफाई व्यवस्था को लेकर कई बार मांग उठाई गई, लेकिन कचरा निस्तारण की व्यवस्था प्रभावी नहीं होने से हालात जस के तस बने हुए हैं। स्थानीय नागरिकों ने नियमित कचरा उठान, साफ-सफाई और निगरानी बढ़ाने की मांग की है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि समय पर कचरा उठाया जाए और लोगों में जागरूकता बढ़ाई जाए, तो गंदगी की समस्या के साथ-साथ पशुओं के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को भी कम किया जा सकता है।

# 'जय श्रीराम बोलोगे, तभी मिलेगी पूड़ी...', मुस्लिम से जबरन लगवाए धार्मिक नारे



सिद्धार्थनगर/यूपी। मोहर्रम त्योहार से पहले उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर से एक घटना सामने आई। यहां कथित तौर पर एक मुस्लिम व्यक्ति से कुछ लोगों ने जबरन 'जय श्रीराम' के नारे लगवाए हैं। बताया जा रहा है कि भंडारे का प्रसाद लेने पहुंचे मुस्लिम व्यक्ति से बीजेपी नेता ने पहले जय श्रीराम का नारा लगवाया गया, फिर उसे प्रसाद दिया गया है। अब इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो जिले के भनवापुर ब्लॉक का बताया जा रहा है। यहां सिद्धार्थनगर के जिला अध्यक्ष और डुमरियागंज के भाजपा के पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह के करीबी लव कुश ओझा ने कथित तौर पर भंडारे का प्रसाद लेने पहुंचे एक मुस्लिम व्यक्ति से जय श्रीराम और जय श्री कृष्ण के नारे धार्मिक लगवाए।

**पूर्व बीजेपी विधायक ने कराया था भंडारे का आयोजन**

बताया गया कि डुमरियागंज कस्बे में पूर्व भाजपा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था। जहां पर सभी श्रद्धालु प्रसाद लेने के लिए आ रहे थे। इस बीच एक मुस्लिम व्यक्ति इस विशाल भंडारे पर प्रसाद खाने आ गया। इस पर वहां प्रसाद परोस रहे लव कुश ओझा ने मुस्लिम व्यक्ति से धार्मिक नारे लगाने के बाद प्रसाद देने की बात कही।

**'जय श्रीराम का नारा लगाने पर मिलेगी पूड़ी'**

वीडियो में लव कुश ओझा नाम का व्यक्ति मुस्लिम व्यक्ति से कह रहा है कि 'अगर प्रसाद लेना है तो जय श्री राम और जय श्री कृष्ण का जय घोष करना होगा। इस मुस्लिम व्यक्ति के जय श्री राम और जय श्री कृष्ण का जय घोष करने के बाद उसे पूरी सब्जी की थाली दी गई। आपको बताते चलें कि पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह के करीबी लव कुश ओझा पर पहले भी मुस्लिम के खिलाफ अभद्र भाषा के प्रयोग के आरोप लग चुके हैं।

# हिंदू अभिभावकों के लिए मस्जिदों के दरवाजे खोले

**-साथ में चाय, ठंडे पानी और नाश्ते की व्यवस्था की**



भिवंडी। भिवंडी (महाराष्ट्र) में NEET परीक्षा के दौरान इंसानियत और आपसी भाईचारे की एक बेहद खूबसूरत तस्वीर देखने को मिली। दूर-दराज से आए परीक्षार्थियों के हिंदू अभिभावकों के लिए दारुल उलूम दीनियात और मस्जिद के जिम्मेदारों ने अपने दरवाजे खोल दिए। तपती गर्मी के बीच मस्जिद कमेटी ने इन अभिभावकों के ठहरने, आराम करने के साथ-साथ चाय, ठंडे पानी और नाश्ते का बेहतरीन इंतजाम किया। इस निस्वार्थ मेहमाननवाजी ने सभी का दिल जीत लिया। परीक्षा खत्म होने के बाद जब वापसी का समय आया, तो नज़ारा बेहद भावुक कर देने वाला था। कृतज्ञता और सम्मान से भरे हिंदू अभिभावकों ने नम आंखों से मस्जिद के जिम्मेदारों के पैर छूकर उनका दिल से शुक्रिया अदा किया। यह वाकया समाज को नफरत के खिलाफ मोहब्बत और एकता का एक गहरा पैगाम देता है।

# भंडारे में 'जय श्रीराम' नारा लगवाकर मुसलमान को खाना खिलाना, भाईचारा नहीं, नफरत फैलाने की साजिश है: मौलाना



लखनऊ। लखनऊ में ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने सिद्धार्थनगर जिले में हुई एक घटना को लेकर सांप्रदायिकता फैलाने का गंभीर आरोप लगाया है। मौलाना ने कहा कि एक व्यक्ति ने भंडारे का खाना खिलाने के लिए मुसलमान को 'जय श्रीराम' का नारा लगाने को मजबूर किया, जो भाईचारे और कौमी एकता के खिलाफ है। मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा, "सिद्धार्थनगर के लवकुश ने एक मुसलमान को भंडारे का खाना खिलाया और यह कहते हुए कि तुम्हें 'जय श्रीराम' का नारा लगाना होगा। खाना देने से पहले नारे लगवाए गए। यह भाईचारा नहीं है। यह कौमी एकता नहीं है। यह नफरत को बढ़ावा देना है।" उन्होंने आगे कहा कि यह पूरे भारत के लोगों को दिखाने की कोशिश है कि मुसलमानों को किस तरीके से जलील करके भंडारा खिलाया जाता है और रुसवा किया जाता है। मौलाना ने इसे फिरकापरस्ती और सांप्रदायिक सोच बताया।

**मुसलमानों को दी सलाह**

मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने मुसलमानों से अपील की कि वे इस तरह के आयोजनों में बिल्कुल न जाएं। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम मोहब्बत के पैमाने को तोड़ रहे हैं और सांप्रदायिकता को बढ़ावा दे रहे हैं। बता दें कि हाल ही में सिद्धार्थनगर का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक भंडारा कार्यक्रम के दौरान कथित तौर पर मुस्लिम व्यक्ति से जय श्रीराम का नारा लगवाने की बात सामने आई। मौलाना रजवी बरेलवी विपक्षी दलों और मुस्लिम संगठनों के मंचों पर सक्रिय रहते हैं और अक्सर सांप्रदायिक मुद्दों पर बयान देते रहते हैं। बरेलवी संप्रदाय के प्रमुख धार्मिक नेताओं में शुमार मौलाना रजवी का यह बयान सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है। हालांकि, इस घटना की स्वतंत्र पुष्टि अभी तक नहीं हुई है और स्थानीय प्रशासन ने अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

**स्थानीय प्रशासन अलर्ट**

मौलाना के बयान से उत्तर प्रदेश की राजनीति में नई बहस छिड़ गई है। भाजपा और हिंदू संगठनों की ओर से इस बयान की निंदा होने की संभावना है। वहीं कुछ विपक्षी नेता और मुस्लिम संगठन इसे सही बता रहे हैं।

## ब्रीफ खबरें

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने किया योग



सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "बारह साल विश्वास के, विकास के एवं जनकल्याण के" अभियान के तहत अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर के निर्देशन में चारों विधानसभा में योग कार्यक्रम आयोजित किए। युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष एवं अभियान के जिला संयोजक मुरली गौतम ने बताया कि सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बामनवास एवं खंडार विधानसभा में युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने अलग अलग जगह पर योग कार्यक्रम आयोजित कर अभियान में सहभागिता की। सवाई माधोपुर विधानसभा का कार्यक्रम बजरिया स्थित महाराणा प्रताप कॉलोनी पार्क में आयोजित हुआ, जिसमें योग शिक्षक शुभम मल्होता ने युवाओ को योग करवाए एवं योग के लाभ बताए। योग कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग लाल जाट, जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा, पूर्व पार्षद टिम्मा जैन, पूर्व मंडल महामंत्री आकाश भारद्वाज, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष अजय बसवाल, मंडल उपाध्यक्ष हरचरण सिंह, पूर्व मंडल प्रवक्ता चेतन शर्मा, अनुपम गौतम, अखिलेश शर्मा, सौरभ जैन, आदित्य सैनी, आशुतोष दीक्षित, दुर्गाशंकर शर्मा, धर्मेन्द्र गौतम, गोविंद शर्मा, रामचन्द्र मीणा, ऋषभ सिंह, अजय गौतम, पुष्पेन्द्र मीणा आदि उपस्थित रहे ।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राजकीय माध्यमिक विद्यालय मोहब्बतपुरा में हुआ योग कार्यक्रम का आयोजन



रेनवाल मांजी (रॉयल पत्रिका)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को राजकीय माध्यमिक विद्यालय मोहब्बतपुरा एवं आयुष्मान आरोग्य मन्दिर कौशल्या दास की बावड़ी में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर लक्ष्मीकांत शर्मा, कंपाउंडर सुमन पारीक, योग प्रशिक्षक रामपाल चौधरी एवं महिला योग प्रशिक्षक सरस्वती शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक योगाभ्यास के साथ हुआ। इस दौरान योग प्रशिक्षकों ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया। डॉक्टर लक्ष्मीकांत शर्मा ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है तथा अनेक रोगों से बचाव संभव होता है। योग प्रशिक्षक रामपाल चौधरी एवं महिला योग प्रशिक्षक सरस्वती शर्मा ने योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने, संतुलित जीवनशैली अपनाने तथा स्वस्थ रहने के लिए नियमित योग करने की प्रेरणा दी। वहीं कंपाउंडर सुमन पारीक ने भी उपस्थित जनसमूह को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नियमित रूप से योग करने का संकल्प लिया। अंत में सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# मतदान से चुनी नई कार्यकारिणी, शिक्षा और सेवा कार्यों को मिलेगा नया विस्तार




बांदीकुई (रॉयल पत्रिका)। डॉ. बीआर अंबेडकर शिक्षा एवं सेवा समिति, बांदीकुई की आम सभा का आयोजन 21 जून 2026 को गुढाकटला रोड स्थित किया गया। बैठक में समिति के सभी सदस्यों ने अब तक आयोजित किए गए कार्यक्रमों की सराहना की। सदस्यों ने प्रतिभा सम्मान समारोह, माता रमाबाई जयंती पर शरबत एवं जल सेवा तथा विश्व रक्तदान दिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर को समाज के लिए उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम जारी रखने पर जोर दिया। बैठक में समिति को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सदस्य संख्या बढ़ाने तथा वित्तीय रूप से सुदृढ़ करने पर चर्चा हुई। इसके बाद समिति के सुचारू संचालन के लिए अस्थायी कार्यकारिणी के स्थान पर एक वर्ष के लिए स्थायी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष का चुनाव मतदान प्रक्रिया से शांतिपूर्वक संपन्न कराया गया। मतगणना के बाद डॉ. बीके बैरवा अध्यक्ष, पूरणलाल बैरवा सचिव, डॉ. मनीष कुंद्रा उपाध्यक्ष और रमेशचंद वर्मा कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए। नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और विश्वास दिलाया कि एक सप्ताह के भीतर कार्यकारिणी का गठन कर बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के सिद्धांतों के अनुरूप शिक्षा और सेवा के क्षेत्र में बेहतर कार्य किए जाएंगे।

## सूचना

**समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों में लेखक के अपने विचार हैं, इनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।**

# 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 'योगा फॉर हैल्दी एजिंग' थीम पर जिला मुख्यालय पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम



चूरू (रॉयल पत्रिका)। 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को चूरू जिला मुख्यालय पर जिला खेल स्टेडियम में 'योगा फॉर हैल्दी एजिंग' थीम पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, चूरू विधायक हरलाल सहारण, पैरालिंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष देवेन्द्र झाझड़िया, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, एसपी निश्चय प्रसाद एम सहित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व आमजन ने शिरकत की तथा नित्य जीवन में योग अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं गौरवशाली परंपरा है, जिसे आज विश्व के 180 से अधिक देशों में अपनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बढ़ते तनाव और बदलती जीवनशैली के दौर में योग शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हमें योग को दैनिक जीवन में अपनाने और स्वस्थ जीवनशैली विकसित करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि योग सनातन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे महर्षि पतंजलि ने व्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से इस महान भारतीय परंपरा को वैश्विक स्तर पर व्यापक स्वीकार्यता मिली है। उन्होंने प्रधानमंत्री के योग दिवस संदेश का वाचन किया। राठौड़ ने कहा कि चूरू की धरती सदैव आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों की संवाहक रही है। योग एक सम्पूर्ण जीवन-पद्धति है और भारत अपने ऋषि-मनीषियों की ज्ञान परंपरा तथा आयुर्वेद के माध्यम से विश्व का मार्गदर्शन कर रहा है। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि योग स्वस्थ मन और शरीर के साथ एक पूर्ण जीवनपद्धति है। योग विभिन्न रोगों से मुक्ति एवं सकारात्मक जीवन दृष्टिकोण प्रदान करता है। उन्होंने युवाओं से नियमित योगाभ्यास को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण में योग की महत्वपूर्ण भूमिका है पैरालिंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एवं पद्म भूषण देवेन्द्र झाझड़िया ने कहा कि खेल और योग एक-दूसरे के पूरक हैं। योग शरीर के लचीलापन, एकाग्रता और मानसिक मजबूती को बढ़ाता है। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि 'योगा फॉर हेल्दी एजिंग' की इस वर्ष की थीम स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन की दिशा में महत्वपूर्ण संदेश देती है। योग मानसिक शांति, आत्मविश्वास और अनुशासन विकसित करने में सहायक है तथा बेहतर स्वास्थ्य के लिए नियमित योगाभ्यास आवश्यक है। उन्होंने सभी नागरिकों से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम ने कहा कि वर्तमान समय की व्यस्त जीवनशैली में योग तनाव प्रबंधन का प्रभावी माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, बल्कि मानसिक संतुलन और कार्यक्षमता में भी वृद्धि होती है। आयुर्वेद उपनिदेशक डॉ. सत्यवीर सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। जिला स्तर पर योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र चूरू प्रभारी अधिकारी डॉ. संतरा जाट ने योगाभ्यास करवाया। उपस्थित सभी ने नियमित योगाभ्यास करने तथा स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवन के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लिया। ऋषिकुल ब्रह्मचर्य आश्रम के विद्यार्थियों ने योग साधना पर आधारित रोचक प्रस्तुति दी। इस दौरान एडीएम अर्पिता सोनी, सीईओ श्वेता कोचर, बसंत शर्मा, वासुदेव चावला, चंद्राराम गुरी, पराक्रम राठौड़, एसीईओ भागचंद खारिया, विक्रम कोटवाद, भास्कर शर्मा, सुरेश सारस्वत, सुशील लाटा, जिला खेल अधिकारी सीताराम प्रजापत, एसजेईडी डीडी सत्येन्द्र पाल वीर, नारायण बेनीवाल, गोपाल बालाण, नरेन्द्र काछवाल, श्रीराम पीपलवा, अख्तर खान, राकेश शर्मा, हरीश वर्मा, कमल सैनी, सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, जनप्रतिनिधि व आमजन ने योगाभ्यास किया। संचालन मनीष शर्मा ने किया।

# RAS में चयनित संदीप मेहरा सम्मानित, बांदीकुई में हुआ स्वागत-सम्मान समारोह




बांदीकुई (रॉयल पत्रिका)। बांदीकुई में राजस्थान प्रशासनिक सेवा में चयनित संदीप मेहरा का सम्मान समारोह हुआ। चेतराम जोनवाल मैनेजर की ओर से आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, कर्मचारी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। समारोह में डॉ. सोमोतीलाल, मुकेश कुंदन, राजस्थान राज्य मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ दौसा के जिलाध्यक्ष एवं समता सैनिक दल के जिला कमांडर,चेतराम जोनवाल,प्यारेलाल भीमवाल, योगेश जोनवाल, सुरेंद्र मेहरा, खेमचंद वर्मा, अशोक कुमार, संदीप पीटीआई, इंद्राज बंसीवाल, सुभाष जारवाल, सुजीत सोमाडा, अरविंद लकवाल, रामधन, मोहनलाल रेसवाल, मनोज कुमार,मोतीलाल ठेकेदार,कंचन और सुरेश सहित अनेक लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने संदीप मेहरा की उपलब्धि को क्षेत्र और समाज के लिए गौरवपूर्ण बताया। राजेश जोनवाल सहित अनेक वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए युवाओं को शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। अपने संबोधन में नवचयनित RAS अधिकारी संदीप मेहरा ने सफलता के पीछे कड़ी मेहनत, निरंतर प्रयास और सकारात्मक सोच को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने युवाओं को लक्ष्य निर्धारित कर पूरी लगन से तैयारी करने की प्रेरणा दी तथा समाज के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

# जिला स्तरीय कार्यक्रम लाखोटिया उद्यान में हजारों शहरवासियों ने किया योग

**मोहम्मद यासीन**

पाली (रॉयल पत्रिका)। जिला प्रशासन, आयुर्वेद विभाग एवं नगर निगम पाली के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को मुख्यालय के लाखोटिया उद्यान में 12 विश्व योग दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में हजारों लोगों ने प्रभारी मंत्री झाबर सिंह की मौजूदगी में प्रातः योग किया। योग दिवस की थीम 'योग फ़ॉर हेल्दी ऐज' रही। इस अवसर पर प्रधानमंत्री का कार्यक्रम लाइव दिखाया गया। केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत व प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने इस अवसर पर कहा कि योग करने से तन और मन स्वस्थ रहता है सभी को प्रतिदिन योग करना चाहिये साथ ही इसके महत्व पर बल दिया। आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक डॉ. बजरंगलाल शर्मा व उपनिदेशक शिवकुमार ने बताया कि इस दौरान योग प्रशिक्षक द्वारा योग की विभिन्न मुद्राओं व आसनों के माध्यम से योग करवाया जो योग के कामन प्रोटोकाल के अनुसार किया गया। इस अवसर पर बडे, बजुर्ग, बच्चे, महिलाओं ने भी योग किया।



**जिले में ब्लाक व ग्राम स्तर पर व अन्य स्थानों धार्मिक व पर्यटन स्थलों व अन्य स्थानों पर भी हुआ योगाभ्यास का आयोजन**

जिले में पर्यटन व धार्मिक स्थलों रणकपुर, ओम आश्रम जाडन, जवाई आदि पर भी योग दिवस का आयोजन किया गया। साथ ही ब्लॉक, ग्राम पंचायत स्तर, आयुष्मान आरोग्य मन्दिर, सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों, विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा चिन्हित धार्मिक व पर्यटन स्थलों पर प्रातः 6:00 से 8:00 बजे जिसमें 6:30 से 7:00 बजे तक तत्पश्चात 7:00 से 7:45 तक आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित कॉमन योग प्रोटोकॉल अनुसार योगाभ्यास कर योग दिवस का आयोजन किया गया। योग दिवस पर नशा मुक्त भारत अभियान व योग भी वोट भी के लिये हस्ताक्षर भी किये गए साथ ही सेल्फी पॉइंट पर लोगों ने सेल्फी ली।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन, पूर्व सभापति महेन्द्र बोहरा अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. बजरंग सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद मुकेश चौधरी, एसडीएम विमलेन्द्र राणावत, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र रज्जाक अली, आयुक्त नगर निगम नवीन भारद्वाज, सीएमएचओ डॉ. विकास मारवाल, जिला शिक्षा अधिकारी राहुल राजपुरोहित, सभी जिला स्तरीय अधिकारी सहित शहर के गणमान्य नागरिक व सुनील भंडारी, तिलोक चौधरी, राकेश पंवार, पुखराज पटेल, सोहनलाल भाटी मौजूद रहे। आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. शिवकुमार शर्मा ने बताया कि शहर की सामाजिक शैक्षणिक संस्थाओं ने विभिन्न सामाजिक भामाशाहों, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, स्वयं सेवी संगठनों ने भी सहयोग किया। योगाभ्यास का संचालन कवयित्री तृप्ति पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर सरस डेयरी ने छाछ व अन्य ने भी पेय व अन्य की व्यवस्था की। अन्य संगठनों ने भी योग दिवस आयोजन में योगदान दिया।

# ए.एम.पी. झालावाड़ चैप्टर की एक दिवसीय सेमिनार सम्पन्न

## -सेमिनार में शिक्षा, रोजगार और सशक्तिकरण पर विशेष चर्चा

**शब्बीर हुसैन**

झालावाड़ (रॉयल पत्रिका) । एसोसिएशन ऑफ मुस्लिम प्रोफेशनल (AMP) झालावाड़ चैप्टर द्वारा एक दिवसीय सेमिनार शहर के निजी रिज़ॉर्ट में सम्पन्न हुई । सेमिनार में शिक्षा, रोजगार और सशक्तिकरण पर चर्चा की गई । मीटिंग का आयोजन चैप्टर हैड झालावाड़ और झालरापाटन हाजी मुमताज अली ने किया । मीटिंग के मुख्य अतिथि खलील अहमद कुरैशी, एम.सी.टी. मिल्लत ट्रस्ट कोटा, सरपरस्त अली असगर, शहर काजी झालरापाटन और कार्यक्रम की अध्यक्षता हाफ़िज़ मंजूर अली जयपुर द्वारा की गई। विशेष अतिथि में डॉ. इकबाल प्रोफेसर झालावाड़, अरशद अंसारी चेयरमैन वाई.जी.एन. एजुकेशनल ग्रुप, रिटायर्ड एयरफोर्स ऑफिसर शोएब खान, सलीम अब्बासी खुर्शीद अनवर-मुहिम ट्रस्ट, मुख्तार अंसारी, शाहनवाज़ खान, डॉ. जी.एम. सैयद, रिज़वानुद्दीन अंसारी, सैयद मुख्तार अली, आफताब चौधरी, जब्बार चौधरी, जमान खान, इस्लाम खान सी.ए. आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत कुरआन तिलावत और नाते पाक से की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आमिर इदरीसी, ए. एम .पी. नेशनल प्रेसिडेंट, बॉम्बे रहे। उन्होंने अपने संबोधन में शिक्षा और रोजगार पर महत्व डाला। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज का उत्थान शिक्षा और उच्च तकनीक से ही संभव है। उन्होंने सामूहिक ज़कात के महत्व पर जोर दिया । राजस्थान एमपी राजस्थान हैड चाँद मोहम्मद जयपुर ने एएमपी की मुख्य योजनाओं और गतिविधियों की जानकारी दी। सोहेल कुरैशी, झालावाड़



चैप्टर प्रवक्ता द्वारा किए गए कार्य पर रोशनी डाली। कोटा संभाग से क्लस्टर हैड सिराज अंसारी ने पिछले 2 साल की प्रगति प्रस्तुत की। स्वरोजगार हेतु गरीब और ज़कात की हकदार जरूरतमंद महिलाओं को 7 सिलाई मशीन उपलब्ध कराई गई। सिलाई मशीन पा कर सभी महिलाएं को बहुत खुशी हुई। झालावाड़ से 16 उच्च माध्यमिक स्कूली बच्चों का छात्रवृति हेतु चयन किया गया । अंत में मेहमानों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । प्रोग्राम में भवानी मंडी, रामगंज मंडी, इकलेरा, पिड़ावा, खानपुर, सुनेल, कड़ोदिया, पचपहाड़ के प्रतिनिधि ने भी भाग लिया । प्रोग्राम का संचालन जाकिर खान जाकिर व शाकिर अली शाकिर ने किया। हाजी मुमताज अली चैप्टर हैड झालावाड़ द्वारा सभी मेहमानों का प्रोग्राम में आने पर धन्यवाद दिया गया । अंत में ए.एम.पी. झालावाड़ चैप्टर की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें मास्टर ख्वाज मोहम्मद, मोहम्मद सोहेल कुरैशी, सैयद इमरान अली, अरशद खान, जब्बार बेग, सरताज कुरैशी इसके जिम्मेदार चुने गए।

# पत्रकारों की सुरक्षा कानून और भूखंड आवंटन की मांग को लेकर गरजे पत्रकार, जिलेभर के पत्रकारों ने भरी हुंकार

**हनीस शेख**

हिण्डौन सिटी (रॉयल पत्रिका)। भारतीय पत्रकार संस्थान राजस्थान (बीजेएसएस) के नेतृत्व में आयोजित पत्रकार सम्मेलन एवं विचार गोष्ठी में जिलेभर के पत्रकारों ने एकजुट होकर पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने, पत्रकार कल्याण योजनाओं का विस्तार करने तथा पत्रकारों को जिला स्तर पर भूखंड आवंटित करने की मांग उठाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महासचिव गोपेश राज पचौरी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में पुष्पेंद्र लवानिया, सुरेश शर्मा तथा जयप्रकाश शुक्ला शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन देवी सहाय शर्मा ने किया। बैठक में जिले के वरिष्ठ एवं युवा पत्रकारों ने अपने विचार रखते हुए कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में कार्य कर रहे पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। पत्रकारों ने पत्रकार सुरक्षा



कानून को शीघ्र लागू करने, पत्रकार अधिमान्यता को सरल एवं प्रभावी बनाने तथा पत्रकारों को आवासीय भूखंड उपलब्ध कराने की मांग उठाई। प्रदेश महासचिव गोपेश राज पचौरी ने कहा कि पत्रकारों के अधिकारों और सुरक्षा को लेकर संगठन लगातार संघर्षरत है। उन्होंने बताया कि संगठन पत्रकारों के हितों की रक्षा, सुरक्षा कानून के गठन, नियमों में आवश्यक सुधार और जिला स्तर पर भूखंड आवंटन की मांग को लेकर प्रयासरत है, जिस पर उपस्थित पत्रकारों ने सर्वसम्मति से समर्थन व्यक्त किया। बैठक में पत्रकार एकता, संगठन की मजबूती और पत्रकार हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी मंथन किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर से पहुंचे दर्जनों पत्रकारों ने भाग लेकर संगठन को मजबूत बनाने और पत्रकार हितों की लड़ाई को और तेज करने का संकल्प लिया। "पत्रकार एकता जिंदाबाद, पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करो" के नारों के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। बैठक में भारतीय पत्रकार सेवा संस्थान के 10 सूत्री मांग पत्र पर सहमति व्यक्त करते हुए इसे प्रदेश स्तर पर उठाने का निर्णय लिया गया/बैठक में करौली हिंडौन सिटी सहित जिले भर के अनेक पत्रकार मौजूद रहे।

# सीकर फतेहपुर रोड स्थित ए. आर. मेमोरियल सीनियर सैकेंडरी स्कूल ने मनाया अपना ऐतिहासिक सिल्वर जुबली

सीकर (रॉयल पत्रिका)। ए. आर. मेमोरियल स्कूल ने अपने 25 वर्ष पूर्ण होने पर फतेहपुर रोड स्थित तेज पैलेस में मनाया । सिल्वर जुबली एवं वार्षिक उत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह मनाया। जिसमें विद्यालय के 25 वर्षों में जिन विद्यार्थियों ने भी यहां से शिक्षा प्राप्त कर किसी भी तरह की उपलब्धि हासिल की तथा विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों, विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं, सरकारी नौकरी तथा निजी संस्थानों में चयनित पूर्व विद्यार्थियों तथा उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले पूर्व शिक्षकों का सम्मान कर उन्हें स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

समारोह के मुख्य अतिथि अमराराम (सांसद, सीकर) एवं ताराचंद धायल ( उप जिला प्रमुख) रहे। विशिष्ट अतिथियों में राजस्थान सरकार के पूर्व एवं वर्तमान जन प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, चिकित्सकों, शिक्षाविदों एवं समाजसेवियों ने सहभागिता निभाई।

सांसद अमराराम ने बालिका शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि जिस तरह आज का ये प्रोग्राम देखने को मिला जिसमें बिटिया शिक्षा की बुलंदिया छू रही है ओर जमाने के साथ कदम से कदम मिला कर चल रही है । सीकर ये इस विद्यालय की सब से बड़ी उपलब्धि है और ये विद्यालय लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के काम को बखूबी अंजाम दे रहा। साथ ही ताराचंद धायल ने विद्यार्थियों को शिक्षा, अनुशासन एवं संस्कारों के महत्व पर प्रेरणादायक संदेश



देते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ स्वस्थ रहने के लिए खेल भी जरूरी है ताकि खेल के जरिए भी समाज ओर देश का नाम रोशन कर सके।

समारोह की खास बात ये रही कि एक ही मंच पर लगभग 600 के करीब प्रतिभावों को सम्मानित किया गया। जिसमें विद्यालय के होनहार छात्र छात्राएं, अध्यापकगणों, पूर्व ओर मौजूदा प्रबंध समिति शामिल रही और साथ ही उन सभी को छात्र-छात्राओं जिन्होंने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किए उन सभी को LED TV व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

सम्मान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों एवं विद्यालय को दिया। विधालय के प्रबंधन समिति द्वारा अपनी विषय में उत्कृष्ट परिणाम देने पर सम्मान स्वरूप 11000 और 5100 रूपये का चेक देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर प्रबंधन समिति ने कहा कि संस्था की सफलता के पीछे शिक्षकों की मेहनत, निष्ठा और समर्पण की महत्वपूर्ण भूमिका है। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकनृत्य, देशभक्ति प्रस्तुतियां एवं नाट्य मंचन ने दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को शिक्षा, अनुशासन एवं निरंतर मेहनत के माध्यम से जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्य विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद फारूक चौहान, निदेशक मोहम्मद तोफीक चौहान एवं समस्त प्रबंधन सदस्यों ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों, कर्मचारियों, स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय पिछले 25 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कर रहा है और भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ आगे बढ़ता रहेगा।

कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय परिवार के सामूहिक प्रयासों से हुआ। उत्कृष्ट व्यवस्थाओं, अनुशासन एवं भव्य प्रस्तुतियों के कारण यह समारोह क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा और उपस्थित सभी लोगों के लिए अविस्मरणीय यादें छोड़ गया। कार्यक्रम का सफल संचालन रफीक बेहलीम, सैफ अली गौरी और सादिक अहमद ने किया।

## ब्रीफ खबरें

# भारत माता कॉलेज में मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



किशनगंज (रॉयल पत्रिका)। किशनगंज स्थित भारत माता कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साह के साथ भाग लिया और विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष हमीद मेवाती रहे। इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मजीद मलिक कमांडो, प्रदेश महामंत्री जंग बहादुर, प्रदेश उपाध्यक्ष जावेद खान, प्रदेश मंत्री डॉ. अरमान मलिक तथा पूर्व प्रदेश मंत्री हुसैन पठान भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान योग विशेषज्ञों ने लोगों को विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया। वक्ताओं ने कहा कि योग भारत की प्राचीन और अमूल्य धरोहर है, जो शरीर को स्वस्थ, मन को शांत और जीवन को संतुलित बनाता है। उन्होंने सभी से नियमित रूप से योग करने की अपील की। कॉलेज परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# योग भी-वोट भी स्वीप कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**-मन की शांति के लिए योग, सशक्त लोकतंत्र के लिए वोट**




बारां (रॉयल पत्रिका)। यहां शहर के कृषि उपज मंडी परिसर मे आयोजित बाहरवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास के बाद राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित थीम पर योग भी वोट भी कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) बालमुकुंद असावा ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों सहित भारी तादाद में मौजूद जन समूह को निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना मतदान करने का संकल्प कराया। साथ ही आव्हान किया कि हमारे लोकतंत्र को सशक्त बनाए रखने के लिए हर निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान आवश्यक है, हमें मत के महत्व को समझते हुए मतदान में आगे आना होगा क्योंकि जिस प्रकार योग मन को शांत और शरीर को सशक्त बनाता हैं, उसी तरह मतदान की स्वस्थ लोकतंत्र के सुदृढ़ीकरण में महत्ती आवश्यकता हैं। इस अवसर पर विधायक राधेश्याम बैरवा, पुलिस अधीक्षक अभिषेक अंदासु, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम भंवरलाल जनागल, निर्वाचन समन्वयक हीरालाल वर्मा, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विश्वजीत सिंह, प्रशासनिक अधिकारी प्रमोद कुमार राठौर,सहप्रभारी स्वीप अमित भार्गव एवं अधिकारी गण मौजूद रहें।

# एसडीपीआई ने मनाया पार्टी का 18वां स्थापना दिवस

**-झंडारोहण के बाद रक्तदान, ठंडे पानी और शर्बत की लगाई छबील**




बारां (रॉयल पत्रिका)। सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया बारां जिला महासचिव अलीम मंसूरी ने जानकारी देते हुए बताया की 21 जून 2026 को एसडीपीआई के संघर्ष सेवा बलिदान के 18 वर्ष पूर्ण होने ओर स्थापना दिवस के मौके पर बारां शहर के अंजुमन चौराहे पर जिलाध्यक्ष अब्दुल अजीज ने पार्टी का ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के बाद मिठाईयां बांटकर प्रोग्राम का आगाज किया। उसके बाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का संदेश स्टेट ट्रेजरार जाकिर रंगरेज ने पढ़कर सुनाया। इसके बाद पार्टी के कईं कार्यकर्ता और समर्थकों ने बारां ब्लड बैंक में जाकर ब्लड डोनेट किया। फिर राहगीरों को तपती गर्मी से राहत के लिए प्रोग्राम स्थल अंजुमन चौराहा पर ठंडे पानी ओर शरबत की छबील भी लगाई गई जिसकी राहगीरों ने सराहना की। इस अवसर पर पार्टी के कई कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पार्टी के उद्देश्यों, सामाजिक न्याय, एकता और जनसेवा के प्रति समर्पण को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। इसके साथ ही 15 जून से 15 जुलाई सदस्यता अभियान की शुरू करने की घोषणा की गईं। सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के स्थापना दिवस पर अंता ओर मांगरोल नगर में भी कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का अंत में स्टेट वर्किंग कमेटी सदस्य इफ्तिखार अहमद बबलू ने स्थापना दिवस कार्यक्रम में अपना कीमती वक्त निकालकर आए हुए मेहमानों ओर कार्यकर्ताओं समर्थकों का शुक्रिया अदा किया।

# श्रद्धेय सुंदर सिंह भंडारी ने संगठन को मजबूत आधार प्रदान करने में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका - राठौड़

**-भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों ने श्रद्धेय भंडारी के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर दी श्रद्धांजलि**

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने जनसंघ के संस्थापक सदस्य, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं वरिष्ठ संगठनकर्ता सुंदर सिंह भंडारी की पुण्यतिथि पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ ने कहा कि श्रद्धेय सुंदर सिंह भंडारी भारतीय जनसंघ के प्रमुख स्तंभों में से एक थे, जिन्होंने संगठन को मजबूत आधार प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भाजपा के संविधान निर्माण में भंडारी जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा तथा उन्होंने संगठन के ऐसे शिल्पकार के रूप में कार्य किया, जिन्होंने व्यक्ति, समाज और संगठन की प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार करने का कार्य किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए सुंदर सिंह भंडारी का संघर्ष



तथा विपरीत परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों से समझौता न करने का उनका संकल्प हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उनका जीवन राष्ट्र सेवा, संगठन निर्माण और वैचारिक प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिससे भाजपा कार्यकर्ताओं को निरंतर प्रेरणा मिलती रहेगी। इस दौरान भाजपा महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, भूपेंद्र सैनी, डॉ. मिथिलेश गौतम, भाजपा कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, कार्यालय सह प्रभारी भवानी शंकर शर्मा सहित पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भी सुंदर सिंह भंडारी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक आयोजित, संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा




अंता (रॉयल पत्रिका)। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं की बैठक जिला अध्यक्ष मकसूद अली के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार की विभिन्न उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना और किसान सम्मान निधि योजना के बारे में बताते हुए कहा कि इन योजनाओं का लाभ सभी वर्गों और सभी समाजों के लोगों को मिल रहा है, जिनमें अल्पसंख्यक समुदाय भी शामिल है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक लोगों को बीजेपी से जोड़ने और सरकार की योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने की अपील की। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं की भूमिका बढ़ाने तथा आगामी नगर पालिका और पंचायत चुनावों की तैयारियों को लेकर भी चर्चा की गई। नेताओं ने अभी से चुनावी तैयारियों में जुटने और पार्टी हित में कार्य करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री जंग बहादुर पठान, प्रदेश उपाध्यक्ष जावेद खान, पूर्व पार्षद धनराज चौरसिया, अब्दुल हक टेलर, अशफाक खान बबलू, कय्यूम खान, मोहम्मद अशफाक, जमील पठान, अल्ताफ अंसारी, आबिद अंसारी, शाहरुख सहित कई लोग मौजूद रहे।

# हज के पाक व मुकद्दस सफर से लौटे जिले के हाजियों का मौलाना आजाद मानव सेवा संस्थान ने किया इस्तकबाल

**-आइसेक्ट कंप्यूटर सेंटर द्वारा हाजियों का किया गया सम्मान**

बांरा (रॉयल पत्रिका)। मौलाना आजाद मानव सेवा संस्थान एवं आई सेक्ट कम्प्यूटर सेंटर के तत्वावधान मे हज 2026 मे मक्का-मदीना में हज का मुकद्दस सफर करके वापस अपने वतन लौटने वाले बांरा जिले के तमाम हाजियों का इस्तकबाल ओर दावत-ए-आम 21 जून 2026 रविवार सुबह 10 बजे से शहर के कोटा रोड़ स्थित एक निजी रेस्टोरेंट मे आयोजित करके सभी हाजियो को शाल ओढाकर फूल मालाओ से स्वागत कर इनामात तकसीम किये।

प्रोग्राम कन्वीनर साबिर खान आइसेक्ट ने बताया कि इस्तकबालिया समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खां मेवाती, नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन कैलाश शर्मा, भारत माता कालेज के चेयरमैन डॉक्टर मजीद मलिक कमाण्डो, जिला वक्फ कमेटी चेयरमैन इरफान अंसारी, जिला वक्फ कमेटी के पूर्व चेयरमैन हाजी माजिद सलीम, मदरसा अंजुमन इसलामिया के सदर व प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक



विभाग के महामंत्री मोहम्मद शाहिद मन्नू पठान, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री हाजी अब्दुल गनी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री जंग बहादुर पठान, प्रदेश मंत्री डॉक्टर अरमान मलिक, जिला वक्फ कमेटी के पूर्व चेयरमैन हुसैन पठान, जिला वक्फ कमेटी के पूर्व चेयरमैन जाकिर मंसूरी, प्रदेश उपाध्यक्ष जावेद खान सहित अन्य अतिथियों ने कहा कि ऐसा आयोजन पहली बार देख रहे है जिसमें पूरे जिले के तमाम हाजी एक साथ इकट्ठा हुए ओर सबका एक साथ इस्तकबाल हुआ है ऐसे आयोजन से सभी में आपसी मोहब्बत भाईचारे का संदेश मिलता है।

संस्थान अध्यक्ष शेख बहादुर अली ने बताया कि जलसे की शुरुआत ईमाम मोहम्मद असलम ने तिलावत-ए-कुरआन की आयतों से की। स्वागत भाषण शेख बहादुर अली ने दिये प्रोग्राम में जिले के हाजियो सहित कोटा से प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की प्रदेश महासचिव अफसरा अंसारी, उपाध्यक्ष कन्हैया लाल चित्तोडा, अब्दुल वहीद मुन्ना मास्टर, रामगोपाल मालव, डॉक्टर हाजी अब्दुल रशीद, हेमलता सोन, पूर्व अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष शाहिद कूंडी, फकीर मोहम्मद ठेकेदार, इकबाल नेता, पूर्व ईदगाह सदर मुन्ना मंसूरी, अनवर खान मास्टर अटरू, डॉक्टर नासिर हुसैन यूनानी, पूर्व पंचायत श्योपुरियांन सदर अब्दुल अजीज अंसारी, ईदगाह सदर जहीर अहमद, अब्दुल रशीद पठान, पूर्व पार्षद जाकिर खान, समाजसेविका फरीदा शेख, फरहाना खान हाजियो के खिदमतगार आरजू लईक अंसारी, लईक अहमद अंसारी, रईस हाशमी एडवोकेट, रईस फैजी, मोहम्मद हुसैन फाईन, पार्षद हाजी असगर अली, नर्सिंग आफिसर हज्जन शमां बी, हाजी सिराज अहमद, अकरम खान, अदीबा अंजुम, सैजान खान राबिया बसरी, लालू खान, रियाज खान ने हाजियो का इस्तकबाल कर गले मिलकर मुबारकबाद दी। इस दौरान सभी ने साथ खाना खाया और हज के दौरान किए गए तमाम अरकान ओर कार्यों का एक दूसरे से जिक्र करके अपने अनुभव साझा किए।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बारां में उमड़ा जनसैलाब

# कृषि उपज मंडी में सैकड़ों लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

बारां (रॉयल पत्रिका)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार को जिला मुख्यालय पर योग के प्रति अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। कृषि उपज मंडी स्थित शेड नंबर एक में आयोजित मुख्य समारोह में सैकड़ों की संख्या में लोग सुबह 6 बजे ही एकत्रित हो गए। पूरे शहर में योगमय माहौल रहा। कार्यक्रम में राजस्थान राज्य श्री यादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक व प्रभारी सचिव हरिमोहन मीणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विधायक राधेश्याम बैरवा, कलक्टर बालमुकुंद असावा, एसपी अभिषेक अंदासु सहित जिले के जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों ने भी योगाभ्यास में भाग लेकर कार्यक्रम को गरिमामय बनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन एवं पश्चिम बंगाल के कलकत्ता स्थित प्रांगण से योग कार्यक्रम का एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री के योगासन कराते ही पूरा मंडी प्रांगण योग की धुन पर थिरक उठा। उपस्थित जनसमूह ने सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन सहित विभिन्न योगासनों का सामूहिक अभ्यास किया। अंत में सभी ने नियमित योगाभ्यास एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

**महिलाओं-बालिकाओं की रही विशेष भागीदारी**

कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता महिलाओं एवं बालिकाओं की भारी उपस्थिति रही। बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहयोगिनी, स्कूली छात्राएं



एवं महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में योग करती नजर आईं। प्रशासन की ओर से महिलाओं के लिए अलग से व्यवस्था की गई थी।

**सभी वर्गों ने दिया स्वस्थ जीवन का संदेश**

इस स्वास्थ्य उत्सव में स्कूली विद्यार्थी, एनसी-स्काउट गाइड, खेल प्रतिभाएं, शिक्षक, पुलिस जवान, व्यापारिक संगठन, सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी एवं आमजन ने उत्साह के साथ भाग लिया। सभी ने योग को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाकर शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य बेहतर बनाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थितजनों ने लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए आगामी चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ भी ली। पूरा आयोजन अनुशासित, व्यवस्थित एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। जिला प्रशासन ने सभी प्रतिभागियों, स्वयंसेवकों एवं सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया।

# कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की कार्यकारिणी घोषित

**-प्रदेशाध्यक्ष एमडी चोपदार ने नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन को सशक्त बनाने का किया आह्वान**

बारां (रॉयल पत्रिका)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी के निर्देश तथा प्रदेश अध्यक्ष एमडी चोपदार, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं अंता विधायक प्रमोद जैन भाया, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हंसराज मीणा, पूर्व विधायक पानाचंद मेघवाल, करण सिंह राठौड़ एवं श्रीमती निर्मला सहरिया की सहमति से कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की बारां जिला इकाई की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष ने जिला कार्यकारिणी, ब्लॉक अध्यक्षों एवं नगर अध्यक्षों की घोषणा करते हुए सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सिराजुद्दौला को संगठन महासचिव नियुक्त किया गया है। जिला उपाध्यक्ष पद पर ऐनुल हक खान, जाहिदा बेगम, कुलदीप जैन, आरिफ मोहम्मद, अब्दुल हफीज, रईस खान, दीप सिंह, याकूब



अली, रहीम खान एवं अख्तर हुसैन को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं शहजाद अहमद को जिला प्रवक्ता नियुक्त किया गया है।

जिला महासचिव पद पर वारिस अली, वाजिद अली, खुर्शीद भाई, आदिल हुसैन, मकसूद अली, नजीर भाई, मोहम्मद निशार काजी, अबरार, ताहिर बोहरा, जद्दार सिंगी, अब्दुल समद, साजिद अली, परवेज मंसूरी, पप्पू भाई, आलम मंसूरी, रईस देशवाली, मोहम्मद गालिब, अब्दुल गफूर, साबिर खान, इमरान शानू एवं अकबर अली को नियुक्त किया गया है।

जिला सचिव पद पर आकिब अली, खूबसूरत अहमद, इमरान खान, खुर्सीद आलम, मोहम्मद अशफाक अंसारी, तारिक मोहम्मद, मोहम्मद रिजवान, चमन राजा, फरीद मोहम्मद, सलाम भाई, अली मोहम्मद अप्पू, असलम राजा, अकबर अली, शहादत बब्बर, शाहरुख, वसीम खान, सद्दाम मेव, मुख्तार अली, शकील मोहम्मद एवं मुस्तकीम को दायित्व सौंपा गया है। जिला संयुक्त सचिव पद पर मोहम्मद शारिक, मोहम्मद इमरान, इस्लाम मोहम्मद, वसीम अख्तर, मोहम्मद शरीफ, कासिम अली, अफजल खान, दानिश गौरी, इस्लामुद्दीन, असलम खान, हाफिज मोहम्मद, शाहरुख अंसारी, मुबारिक, सिमरोज खान एवं मोहम्मद अयान को नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त ब्लॉक अध्यक्ष पदों पर मोहम्मद वाहिद खान (अंता), असगर अली 'सोहेल' (मांगरोल), अब्दुल साजिद पठान (शाहाबाद), मिस्वाउद्दीन पठान (किशनगंज), सलामतुल्ला (अटरू), मोहम्मद परवेज (बारां), शब्बीर मोहम्मद (छीपाबड़ौद) तथा सगीर अहमद 'जख्मी' (छबड़ा) को जिम्मेदारी सौंपी गई है। नगर अध्यक्ष पद पर मोहसिन खान (अंता), नदीम बेग (छबड़ा), शहादत हुसैन (मांगरोल) एवं साजिद खान (अटरू) को नियुक्त किया गया है।

# नीट-पेपर लीक व परीक्षा प्रणाली में भ्रष्टाचार के खिलाफ गरजीं विधायक इंदिरा मीणा

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। विधायक इंदिरा मीणा ने री-नीट परीक्षा में सरकार के फेलियर सिस्टम पर तीखा निशाना साधते हुए कहा- "छात्रों के हक और भविष्य के लिए आर-पार की लड़ाई लड़ेगी कांग्रेस"

कांग्रेस नेता व लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के कोटा छात्र संवाद के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी, सवाई माधोपुर द्वारा आज जिला अध्यक्ष व बामनवास विधायक इंदिरा मीणा के नेतृत्व में व्यापक छात्र संवाद एवं प्रेस वार्ता कार्यक्रम आयोजित किया गया। देश में निरंतर हो रहे पेपर लीक, परीक्षा प्रणालियों में भ्रष्टाचार और छात्रों के भविष्य से हो रहे खिलवाड़ के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने पूरी तरह से मोर्चा खोल दिया है। इसी कड़ी में आज दोपहर विधायक इंदिरा मीणा ने सर्किट हाउस में एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया तथा सायंकाल डॉ. भीमराव अंबेडकर सर्किल, बजरिया में बड़ी संख्या में एकत्रित हुए छात्र-छात्राओं व युवाओं के साथ सीधा संवाद स्थापित किया।

प्रेस वार्ता और छात्र संवाद के दौरान विधायक इंदिरा मीणा ने वर्तमान केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) की घोर लापरवाही पर आक्रामक हमला बोला। उन्होंने री-नीट (Re-NEET) परीक्षा के



आयोजन में सामने आई एक बड़ी प्रशासनिक विफलता को उजागर करते हुए बताया कि एक स्थानीय परीक्षार्थी का परीक्षा केंद्र सीधे 'अबू धाबी' (विदेश) आवंटित कर दिया गया है। इंदिरा मीणा ने इसे सरकारी सिस्टम का सबसे बड़ा फेलियर करार देते हुए कहा कि यह देश के मेधावी छात्र-छात्राओं का मानसिक उत्पीड़न और उनके भविष्य के साथ भद्दा मजाक है। एक सामान्य पृष्ठभूमि का छात्र परीक्षा देने विदेश कैसे जा सकता है, इसका जवाब सरकार के पास नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि पेपर लीक माफिया पर सख्त कार्रवाई, परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और सुधार की मांग को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में पूरी प्रदेश कांग्रेस एकजुट है। शाम को अंबेडकर सर्किल पर आयोजित छात्र संवाद में 'शिक्षित युवा – सशक्त भारत' और 'छात्र एकता जिंदाबाद' के नारों के बीच विधायक ने युवाओं को आश्वस्त किया कि कांग्रेस पार्टी उनके साथ हर मोड़ पर खड़ी है। उन्होंने कहा, "अब और नहीं, अब युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ बंद होना चाहिए। पेपर लीक ने लाखों छात्रों का हक छीना है, जिसके खिलाफ अब आर-पार की लड़ाई होगी।"

इस कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, छात्र नेताओं और सैकड़ों की संख्या में प्रतियोगी परीक्षाओं (NEET, CBSE, JEE, RRB, UPSC) की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी आवाज बुलंद की।

प्रेस कॉन्फ्रेंस व अंबेडकर सर्किल पर छात्रों संग किया संवाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में संगठन सह प्रभारी राहुल भांकर, पीसीसी सचिव लईक अहमद,पूर्व जिला अध्यक्ष गिर्राज गुर्जर, विधानसभा प्रभारी शंकर बाजडोलिया संगठन महामंत्री राजेश पहाड़िया,पवन बड़गोत्या युवा नेता घनश्याम झाड़ोली ब्लॉक अध्यक्ष मौजूद रहे ।



# कुब्रा सैत ने ADHD के साथ अपने अनुभव पर की बात कहा - यह थका देने वाला है, लेकिन एक सुपरपावर भी है

अभिनेत्री कुब्रा सैत ने एक बार फिर मानसिक स्वास्थ्य और न्यूरोडायवर्सिटी पर अहम चर्चा छेड़ते हुए एडीएचडी (अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर) के साथ अपने अनुभव को बेहद ईमानदारी और सहज अंदाज़ में साझा किया है। अपने खास हास्य और बेबाकी के साथ उन्होंने बताया कि बचपन में उन्हें अक्सर 'ड्रामेबाज़' और 'बेपरवाह' कहा जाता था, क्योंकि उनका मन हमेशा कल्पनाओं की दुनिया में खोया रहता था। वीडियो में कुब्रा कहती हैं, 'बचपन में मुझे तीन बातें बार-बार सुनने को मिलती थीं, 'कुब्रा, तुम बहुत ड्रामेबाज़ हो', 'तुम्हारा ध्यान कहीं और रहता है', 'ज़रा ध्यान दो।' जब बाकी बच्चे मैथ्स की क्लास में सवाल हल कर रहे होते थे, तब मैं अपने दिमाग में मर्डर मिस्ट्री की कहानी बुन रही होती थी, फिल्मफेयर अवॉर्ड जीतने पर स्पीच की रिहर्सल कर रही होती थी, अपने भविष्य के पति और मां के बीच बहस की कल्पना कर रही होती थी और लंच से पहले ही तीन आवारा बिल्लियों को बचा चुकी होती थी। 'वह आगे बताती हैं कि बड़े होने पर उन्हें पता चला कि उन्हें एडीएचडी है और तभी उन्हें ज़िंदगी की कई बातें समझ आने लगीं। वे कहती हैं, 'अधूरे रह जाने वाले प्रोजेक्ट्स, किसी एक काम में घंटों तक पूरी तरह डूब जाना, ब्राउज़र में 57 टैब खुले रखना, कमरे में क्यों आई थी यह भूल जाना, लेकिन 2009 में किसी ने क्या पहना था, किसने तारीफ की थी या किसने क्या कहा था, यह सब याद रहते थे।मज़ेदार बात यह है कि यही दिमाग कभी अपनी चाबियां खो देता है, लेकिन नई दुनिया रच सकता है, कहानियां लिख सकता है, बिज़नेस शुरू कर सकता है, कॉमेडी लिख सकता है और कभी-कभी रात के दो बजे ऑनलाइन शॉपिंग भी कर लेता है, क्योंकि उस समय वह चीज़ उसे आध्यात्मिक रूप से ज़रूरी लगती है।' एडीएचडी को चुनौती और ताकत दोनों बताते हुए कुब्रा कहती हैं, 'सच कहूँ तो यह थका देने वाला है, अराजक है, महंगा भी पड़ सकता है, लेकिन यह एक सुपरपावर भी है। 'वीडियो के अंत में अपने चिर-परिचित मज़ाकिया अंदाज़ में वह कहती हैं, 'मैंने तो सिर्फ एक मैसेज का जवाब देने के लिए फोन उठाया था, लेकिन पता ही नहीं चला कि कब यह पूरी रील बना डाली। लेकिन कंटेंट तो अच्छा बन गया!' अपनी इस ईमानदार और प्रेरणादायक बातचीत के ज़रिए कुब्रा सैत ने न्यूरोडायवर्सिटी के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश एक बार फिर दिया है। उन्होंने बताया कि एडीएचडी अपने साथ कई चुनौतियां लेकर आता है, लेकिन अगर इसे सही तरीके से समझा और अपनाया जाए, तो यही व्यक्ति की रचनात्मकता, कल्पनाशक्ति और दृढ़ता की सबसे बड़ी ताकत भी बन सकता है।

# इंडियाज गॉट लेटेंट 2' में पहुंचीं आलिया
## समय रैना ने किया रोस्ट
## एक्ट्रेस ने कहा- मुझे यहां आकर पछतावा हो रहा है



शो के दौरान समय रैना और आलिया भट्ट ने एक-दूसरे को रोस्ट किया। समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट 2' के पहले एपिसोड में आलिया भट्ट और शरवरी वाघ बतौर गेस्ट शामिल हुई। एपिसोड के दौरान समय रैना और आलिया भट्ट ने एक-दूसरे पर मजाकिया अंदाज में तंज कसे और रोस्ट किया। शो में समय रैना ने आलिया भट्ट का स्वागत करते हुए कहा कि उन्हें यकीन ही नहीं हो रहा कि आलिया शो के पहले एपिसोड में गेस्ट बनकर आई हैं। इस दौरान आलिया ने हंसते हुए कहा, 'मुझे अब थोड़ा पछतावा हो रहा है। 'इस पर समय रैना ने तंज कसते हुए कहा, 'मुझे भी 'जिगरा' देखकर पछतावा हुआ था।' समय की यह बात सुनकर आलिया और शरवरी जोर से हंसने लगीं। हालांकि, आलिया ने भी बिना देर किए मुस्कुराते हुए जवाब दिया, 'कम से कम आपने फिल्म तो देखी। 'इसके बाद समय ने कहा, 'आपके पास बैठकर थोड़ा नर्वस महसूस कर रहा हूं, क्योंकि मैं आपके पति का बहुत बड़ा फैन हूं। 'समय ने यह भी कहा, 'आलिया जी, आप इतनी बड़ी एक्ट्रेस हैं। आपकी फिल्मों ने 5000-6000 करोड़ रुपए की कमाई की है। आपके पास इतने फिल्मफेयर अवॉर्ड हैं, नेशनल अवॉर्ड है, बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड है। फिर आप यहां आखिर क्यों आई हैं? 'लेटेंट' में आने की क्या जरूरत थी? कहां कांस, कहां लेटेंट और यहां कैमरे आप पर हैं। 'फिर जवाब देते हुए आलिया ने कहा, 'नहीं-नहीं समय, सच कहूं तो हम सभी यह बात पूरे भरोसे के साथ कह सकते हैं कि हमें हंसाने के लिए हम सब कपिल शर्मा के बहुत आभारी हैं। 'फिर समय ने कहा, 'वाह! आलिया जी, यहां फनी हो गई आप। जाकिर भाई के साथ क्या हो गया था? 'विवादित शो में आलिया ने जिस तरह बिहेव किया, उस पर कई यूजर्स ने उनकी तारीफ की। एक यूजर ने कहा कि आलिया बहुत स्वीट हैं। वहीं, एक अन्य यूजर ने लिखा कि पहली बार किसी शो में सेलेब्स इतनी सहज और असली लगीं। इंडियाज गॉट लेटेंट 2' में आलिया पहुंचीं।



# अभिनय, नृत्य और होस्टिंग में बनाई अलग पहचान
# मल्टीटैलेंटेड मुक्ति मोहन

देश की जानी-मानी प्लेबैक सिंगर नीति मोहन और डांसर व कोरियोग्राफर शक्ति मोहन की बहन मुक्ति मोहन एक प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री और डांसर हैं। उनके पिता एक सरकारी अधिकारी थे और माता एक गृहिणी हैं। मुक्ति चार बहनों में से एक हैं। नीति मोहन और शक्ति मोहन के अलावा उनकी एक और बहन है, जिनका नाम कृति मोहन है। मुक्ति मोहन ने कई फिल्मों, सीरियलों, वेब सीरीज और रियलिटी शो में अपनी एक्टिंग और हुनर का जादू बिखेरा है। उन्होंने अपनी एक्टिंग करियर की शुरुआत 2007 में विशाल भारद्वाज की शॉर्ट फिल्म 'ब्लड ब्रदर्स' से की। इसके बाद वह स्टार प्लस के एक डांस रियलिटी शो 'जरा नचके दिखा 2' में नजर आई, जहां उनकी टीम विजेता रही और इस उपलब्धि ने उन्हीं काफी प्रसिद्धि दिलाई। इसके बाद उन्होंने 'कॉमेडी सर्कस का जादू' और 'दिल है हिंदुस्तानी 2' जैसे टीवी शो में भी काम किया है। वह 'झलक दिखला जा' और 'नच बलिए 7' जैसे डांस रियलिटी शोज और 'फियर फैक्टरः खतरों के खिलाड़ी 7' में भी एक प्रतियोगी के तौर पर नजर आ चुकी हैं। मुक्ति ने डांसर, कोरियोग्राफर और टेलीविजन होस्ट राघव जुयाल के साथ सिंगिंग रियलिटी शो 'दिल है हिंदुस्तानी 2' की मेजबानी की है। वेब सीरीज की बात करें तो उन्होंने लोकप्रिय वेब सीरीज 'इनमेट्स' के अलावा 'लाइफ हिल गई', 'बटरफ्लाइज', 'ग्याराह ग्याराह', आदि में अभिनय किया है।मुक्ति की फिल्मों की बात करें तो वह 'थार', 'अ वेडिंग स्टोरी', 'साहेब बीवी और गैंगस्टर', 'हेट स्टोरी', 'कांचीः द अनब्रेकेबल', 'मुरां', 'दारुवू', और 'टॉपिवाला' जैसी फिल्मों में काम कर चुकी है। वह सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती है। मुक्ति अक्सर अपनी बहन शक्ति मोहन के साथ डांस वीडियो शेयर करती रहती है। इसके अलावा फैंस को उनकी कॉमेडी वीडियो भी काफी पसंद आती हैं।मुक्ति थिएटर और परफॉर्मिंग आर्ट्स में भी काफी सक्रिय रहती हैं। उनका खुद का एक 'मुक्ति मंच' नाम का स्टूडियो है। इसके अलावा, कई बार मंच पर उनकी गायकी का टैलेंट भी देखने को मिला है। उन्होंने 5 दिसंबर 2023 को अभिनेता कुणाल ठाकुर के साथ शादी की।

# आमिर खान की तारीफ में बोले निर्देशक आर. एस. प्रसन्ना, आप एक लत की तरह हैं



आमिर खान की स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'सितारे जमीन पर' की रिलीज को एक साल पूरा हो गया। फिल्म के डायरेक्टर आर. एस. प्रसन्ना ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए 'मिस्टर परफेक्शनिस्ट' यानी आमिर खान की जमकर तारीफ की। प्रसन्ना ने उन्हें एक शानदार एक्टर और पूरा सपोर्ट सिस्टम बताया। आर. एस. प्रसन्ना ने कहा कि आमिर के साथ काम करना निश्चित रूप से फायदेमंद है। निर्देशक ने अपने आधिकारिक हैंडल पर 'आमिर खान के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा, सबसे प्रतिभाशाली और स्नेही स्टार, अभिनेता, निर्माता और सपोर्ट सिस्टम के साथ 5 साल की एक असाधारण यात्रा। हर चीज के लिए धन्यवाद सर। आप सच में एक लत की तरह हैं। 'आर. एस. प्रसन्ना के निर्देशन में बनी 'सितारे जमीन पर' की कहानी दिव्य निधि शर्मा ने लिखी है। आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले आमिर और अपर्णा पुरोहित द्वारा बनाई गई यह फिल्म आमिर की 2007 की फिल्म 'तारे जमीन पर' की अगली कड़ी जैसी है। यह 2018 की स्पैनिश फिल्म 'चैंपियंस' का आधिकारिक रीमेक है। सितारे जमीन पर' एक सस्पेंड किए गए बास्केटबॉल कोच गुलशन अरोड़ा (आमिर खान) की कहानी है। फिल्म में जेनेलिया देशमुख मुख्य भूमिका में हैं। इसमें दस नए कलाकार अरूष दत्ता, गोपी कृष्ण वर्मा, संवित देसाई, वेदांत शर्मा, आयुष भंसाली, आशीष पेंडसे, ऋषि शाहनी, ऋषभ जैन, नमन मिश्रा और सिमरन मंगेशकर भी शामिल हैं। इस ड्रामा की टेक्निकल टीम में सिनेमैटोग्राफर के तौर पर जी. श्रीनिवास रेड्डी, एडिटर के तौर पर चारु श्री रॉय और कंपोजर के तौर पर शंकर-एहसान-लॉय शामिल हैं। आमिर खान की निजी जिंदगी की बात करें तो खबर है कि वे जल्द ही अपनी पार्टनर गौरी स्प्रैट के साथ तीसरी शादी करने वाले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों 5 जुलाई को घर पर एक सादे रजिस्टर्ड समारोह में परिवार और कुछ करीबी दोस्तों की मौजूदगी में शादी कर सकते हैं।



# सिंगापुर में होगी 'तुम से तुम तक' के खास ट्रैक की शूटिंग, निहारिका चौकसे ने जताया उत्साह

टीवी का लोकप्रिय शो 'तुम से तुम तक' में एक नया और खास ट्रैक जुड़ने जा रहा है, जिसे लेकर शो की मुख्य अभिनेत्री निहारिका चौकसे काफी उत्साहित हैं। इस नए ट्रैक में उनके साथ अभिनेता शरद केलकर भी नजर आएंगे, और कहानी को एक नया मोड़ मिलेगा। एक इंटरव्यू के दौरान निहारिका चौकसे ने कहा, ''शो का आने वाला हनीमून ट्रैक मेरे लिए बेहद खास है, क्योंकि यह कहानी का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह मोड़ मेरे किरदार 'अनु' और शरद केलकर के किरदार 'आर्य' की कहानी में एक बड़ा बदलाव लेकर आएगा। इस ट्रैक में दोनों किरदारों को एक साथ समय बिताने का मौका मिलेगा।' निहारिका ने कहा, 'यह कहानी का एक ऐसा हिस्सा है, जिसमें अनु और आर्य रोजमर्रा की भागदौड़ और तनाव से दूर, अपने रिश्ते को समझने की कोशिश करेंगे। इस दौरान उनके बीच भावनात्मक जुड़ाव मजबूत होगा और दर्शकों को उनके रिश्ते का एक नया पहलू देखने को मिलेगा।'' उन्होंने कहा, 'दर्शकों का प्यार ही किसी कलाकार के लिए सबसे बड़ी प्रेरणा होती है। अनु और आर्य की जोड़ी को दर्शकों से जो प्रतिक्रिया मिल रही है, वह पूरी टीम के लिए उत्साह बढ़ाने वाली है। इसी प्यार की वजह से टीम और मेहनत कर रही है ताकि कहानी को और बेहतर तरीके से पेश किया जा सके और दर्शकों को एक नया अनुभव मिल सके। 'उन्होंने बताया कि इस खास ट्रैक की शूटिंग के लिए पूरी टीम जल्द सिंगापुर रवाना होने वाली है। यह शूटिंग जुलाई में होगी और लगभग एक हफ्ते तक चलेगी। विदेश में शूटिंग करना हमेशा एक अलग अनुभव होता है, क्योंकि वहां का माहौल, लोकेशन और काम करने का तरीका सब कुछ नया होता है। इस वजह से पूरी टीम में काफी उत्साह है और सभी लोग इस नए शेड्यूल को लेकर उत्सुक हैं। निहारिका ने कहा, ''जब टीम एक साथ किसी नए देश या जगह पर शूट करती है, तो उनके बीच की बॉन्डिंग भी और मजबूत हो जाती है। हालांकि ऐसे शेड्यूल थोड़े थकाने वाले जरूर होते हैं, लेकिन नए अनुभव और टीम के साथ बिताया गया समय इसे यादगार बना देता है।''

# एंजेलिना जॉली
## संग स्क्रीन शेयर करती दिखेंगी
# प्रियंका चोपड़ा



ग्लोबल आइकन प्रियंका चोपड़ा हमेशा सुर्खियों में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस जल्द ही एसएस राजामौली की 'वाराणसी' के साथ इंडियन सिनेमा में कमबैक करेंगी तो वहीं इस ग्लोबल स्टार ने अब खुलासा किया है कि वे एक और बड़े इंटरनेशनल प्रोजेक्ट पर भी काम कर रही हैं। दिलचस्प बात ये है कि इस अपकमिंग प्रोजेक्ट में प्रियंका चोपड़ा हॉलीवुड स्टार एंजेलिना जॉली संग स्क्रीन शेयर करती दिखेंगी। दरअसल 'फॉर्च्यून इंडिया' के साथ हाल ही में हुई बातचीत में प्रियंका ने कन्फर्म किया कि वह हॉलीवुड स्टार एंजेलिना जोली के साथ काम करने वाली हैं हालांकि, उन्होंने इस प्रोजेक्ट के बारे में ज़्यादा जानकारी नहीं दी और फ़िलहाल इसे सीक्रेट ही रखा है। इस एनाउंसमेंट के साथ फैंस इन दोनों अदाकारों को एक साथ स्क्रीन पर देखने के लिए बेताब हो गए हैं। वहीं कुछ लोगों का अनुमान हैं कि दोनों किसी फ़िल्म प्रोजेक्ट में साथ आ रही हैं तो वहीं कई का कहना है कि वे कोई ब्रांड कैंपेन या फिर कोई ह्यूमनेटेरियन वर्क के लिए साथ आ रही हैं। वहीं एक इंटरव्यू के दौरान प्रियंका ने हॉलीवुड की उन महिलाओं के बारे में भी बात की जिनसे वह इंस्पायर होती हैं, उन्होंने एंजेलिना जोली, पेनेलोप क्रूज़ और सलमा हायेक का नाम लिया।



(साभार एजेंसी)

# रोहित ने सचिन को छोड़ा पीछे

**नई दिल्ली।** भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का आखिरी मैच चेन्नई में खेला गया जिसमें भारत को 9 विकेट से जीत मिली। भारत की जीत में प्रसिद्ध कृष्णा की घातक गेंदबाजी के बाद रोहित शर्मा के अर्धशतक और यशस्वी जायसवाल की शतकीय पारी का बड़ा योगदान रहा। यशस्वी 86 गेंदों पर 110 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि रोहित शर्मा ने 69 गेंदों पर 79 रन की पारी खेली।



रोहित ने अफगानिस्तान के खिलाफ 79 रन की पारी खेली और वो वनडे में बतौर ओपनर 196 पारियों के बाद सबसे ज्यादा 50 प्लस पारी खेलने वाले बैटर बने। रोहित ने सचिन को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने बतौर ओपनर वनडे में 196 पारियों के बाद कुल 70 बार 50 प्लस की पारी खेली थी। इस लिस्ट में सौरव गांगुली तीसरे नंबर पर हैं जिन्होंने ऐसे 64 बार किया था जबकि डेसमन हेंस लिस्ट में चौथे तो वहीं क्रिस गेल पांचवें स्थान पर हैं।

### रोहित ने हासिल किया खास मुकाम

रोहित ने 74 रन की पारी खेली और भारत के इस मैच में जीत मिली। रोहित शर्मा अब बतौर ओपनर जीते हुए मैचों में 100 बार 50 प्लस पारी खेलने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर डेविड वॉर्नर हैं जिन्होंने बतौर ओपनर जीते हुए मैचों में 95 बार 50 प्लस की पारी खेलने का कमाल किया था। सचिन तेंदुलकर इस लिस्ट में छठे स्थान पर हैं जिन्होंने ऐसा 78 बार किया था और मैथ्यू हेडेन भी उनके साथ ही छठे नंबर पर हैं।

**भारत की बेटियां बनी चैंपियन**

# फाइनल में न्यूजीलैंड को 2-0 से दी मात; 4 साल बाद जीता खिताब

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने चार साल के इंतजार के बाद एफआईएच नेशन्स कप का खिताब अपने नाम कर लिया है। 2022 के पहले सीजन में चैंपियन बनने के बाद भारतीय टीम ने 2026 में मेजबान न्यूजीलैंड को फाइनल मुकाबले में हराकर खिताब अपने नाम किया है। इस मुकाबले में भारत के लिए नवनीत




कौर और सुनेलीता टोप्पो ने गोल करते हुए टीम को विजयी लीड दिला दी थी। इस जीत के साथ भारतीय महिला टीम ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2026-27 के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है। भारत ने पहले क्वार्टर में ही लीड बना ली थी और नवनीत कौर ने चौथे मिनट और टोप्पो ने 15वें मिनट में ही गोल दाग दिया था। भारतीय महिला हॉकी टीम ने इस टूर्नामेंट में अजेय रहते हुए यह खिताब अपने नाम किया है। भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में चिली को 6-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।

### हॉकी इंडिया ने खोला खजाना

हॉकी इंडिया ने भारतीय महिला हॉकी टीम की इस बेहतरीन जीत के बाद कैश प्राइज का ऐलान किया है। एक्स पर पोस्ट करते हुए हॉकी इंडिया की तरफ से जानकारी दी गई कि हर खिलाड़ी को 3-3 लाख रुपये दिए जाएंगे और हर सपोर्ट स्टाफ मेंबर को 1.5 लाख रुपये मिलेंगे।

## इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की ODI टीम का ऐलान

# कोहली-बुमराह की वापसी





**● यशस्वी शतक लगाकर भी हुए बाहर**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम 14 जुलाई से 19 जुलाई तक इंग्लैंड दौरे पर तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी। इसके लिए रविवार 21 जून को टीम इंडिया के स्क्वाड का ऐलान हो गया है। जसप्रीत बुमराह और विराट कोहली की इस टीम में वापसी हुई है। जबकि अफगानिस्तान के खिलाफ आखिरी वनडे में शतक लगाकर भी यशस्वी जायसवाल को बाहर होना पड़ा है।

वहीं अफगानिस्तान सीरीज में वनडे इंटरनेशनल डेब्यू करने वाले हर्ष दुबे और प्रिंस यादव को भी इंग्लैंड दौरे के लिए वनडे स्क्वाड में जगह नहीं मिली है। अक्षर पटेल की टीम इंडिया में वापसी हो चुकी है। खास बात यह है कि हार्दिक पंड्या अभी भी फिट नहीं हैं। वहीं हर्षित राणा को भी टीम में चुना गया है। मोहम्मद शमी का नाम एक बार फिर भारतीय टीम में नहीं आया है।

### इंग्लैंड दौरे के लिए टीम इंडिया का स्क्वाड

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली (सब्जेक्ट टू फिटनेस), श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, नितीश कुमार रेड्डी, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, गुरनूर बराड़।

### भारत-इंग्लैंड वनडे सीरीज का शेड्यूल

| दिन | दिनांक | समय | मैच | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| मंगलवार | 14-जुलाई | दोपहर 3:30 बजे | पहला वनडे | एजबेस्टन |
| गुरुवार | 16-जुलाई | शाम 5:30 बजे | दूसरा वनडे | सोफिया गार्डन्स |
| रविवार | 19-जुलाई | दोपहर 3:30 बजे | तीसरा वनडे | लॉर्ड्स |

### वरुण टी20 स्क्वाड से बाहर

भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे से पहले आयरलैंड के खिलाफ दो मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। उस स्क्वाड से वर्ल्ड चैंपियन गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती बाहर हो गए हैं। वह अभी इंजरी के बाद बीसीसीआई के सीओई में रिहैबिलिटेशन के आखिरी चरण से गुजर रहे हैं। इसकी जानकारी बोर्ड ने अपनी रिलीज में दी है।

### आयरलैंड के लिए भारतीय टी20 टीम

श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), वैभव सूर्यवंशी, शिवम दुबे, तिलक वर्मा (उप-कप्तान), नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, प्रिंस यादव।

# पोलार्ड ने शतक लगाकर तोड़ा गेल का रिकॉर्ड

## मिचेल ओवन ने खेली 155 रन की पारी, मुंबई को मिली हार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मेजर लीग क्रिकेट 2026 के 5वें मुकाबले में एमआई न्यूयॉर्क को वाशिंगटन फ्रीडम ने 30 रन से हरा दिया। इस मैच में मुंबई की फ्रेंचाइजी एमआई न्यूयॉर्क के लिए किरोन पोलार्ड ने तूफानी शतकीय पारी खेली, लेकिन वो अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए। हां, पोलार्ड इस शतकीय पारी के बाद टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर जरूर बने। वहीं वाशिंगटन फ्रीडम के लिए मिचेल ओवन ने गजब की पारी खेली और उनकी पारी से दम पर ही एमआई न्यूयॉर्क को हार मिली। इस मैच में एमआई न्यूयॉर्क ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। इसके बाद वाशिंगटन फ्रीडम ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 245 रन का बड़ा स्कोर बनाया और न्यूयॉर्क को जीत के लिए 246 का टारगेट दिया। इसके जवाब में एमआई न्यूयॉर्क ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 215 रन बनाए और उसे हार मिली। मिचेल ओवन को उनकी शतकीय पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

# नीरज सर्वश्रेष्ठ एथलीट



**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा को शनिवार (20 जून) को पहली बार आयोजित भारतीय एथलेटिक्स पुरस्कार समारोह में साल 2025 के 'सर्वश्रेष्ठ पुरुष एथलीट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक और उसके बाद पेरिस में रजत पदक जीतने वाले चोपड़ा ने कहा कि यह सम्मान उनके दिल के बहुत करीब है क्योंकि यह अलग-अलग पीढ़ियों के खिलाड़ियों की मौजूदगी में मिला है। चोपड़ा ने कहा, 'यह पुरस्कार मेरे दिल के बहुत नजदीक है। यहां एथलीटों की पुरानी और नयी पीढ़ी मौजूद है। उनके सामने यह पुरस्कार पाकर मैं बहुत खुश हूं।' चोपड़ा ने शुक्रवार रात दोहा डायमंड लीग में हिस्सा लिया था, जहां 28 साल के इस खिलाड़ी ने अपने तीसरे प्रयास में 85.69 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया और सत्र की पहली प्रतियोगिता में चौथे स्थान पर रहे।

### पीटी उषा को 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार

चोपड़ा दोहा से इस समारोह में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंचे। वहीं साल की 'सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट' का पुरस्कार पारुल चौधरी को मिला जो 3000 मीटर स्टीपलचेज में राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी हैं। मशहूर धाविका और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा को 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार

एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले पूर्व डेकाथलीट गुरबचन सिंह रंधावा, राष्ट्रीय टीम के पूर्व मुख्य कोच बहादुर सिंह चौहान और विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली लंबी कूद एथलीट अंजू बॉबी जॉर्ज को भी यह सम्मान मिला। पहले पुरस्कार समारोह में 10 वर्ग शामिल थे, जिनमें सर्वश्रेष्ठ एथलीट (पुरुष और महिला), सर्वश्रेष्ठ कोच, सर्वश्रेष्ठ तकनीकी अधिकारी, सर्वश्रेष्ठ राज्य संघ और 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार शामिल हैं।

# अभय-वेलवन की जोड़ी ने कायम रखा दबदबा, लगातार तीसरी बार एशियाई युगल स्क्वाश का खिताब जीता



**नई दिल्ली।** अभय सिंह और वेलवन सेंथिलकुमार की भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने रविवार को मलयेशिया के सारावाक में एशियाई युगल स्क्वाश चैंपियनशिप में लगातार तीसरी बार पुरुष युगल का खिताब जीतकर महाद्वीपीय स्तर पर अपना दबदबा कायम रखा। भारतीय जोड़ी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए नासिर इकबाल और नूर जमां की पाकिस्तान की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 47 मिनट में 7-11, 11-7, 11-2 से हराया। पिछले साल भी उन्होंने फाइनल में पाकिस्तान की इस जोड़ी को हराया था।

### खिताबी जीत की हैट्रिक पूरी की

इस जीत के साथ अभय और वेलवन ने पुरुष युगल खिताब की हैट्रिक पूरी की। उन्होंने एशियाई युगल स्क्वाश चैंपियनशिप की अब तक की तीनों प्रतियोगिताओं में खिताब जीता है। भारत ने अनुभवी जोशना चिनप्पा की उपस्थिति दो अन्य वर्ग में भी पदक हासिल किए। जोशना और रथीका सीलन की दूसरी वरीयता प्राप्त महिला युगल जोड़ी ने सेमीफाइनल में पहुंचकर कांस्य पदक जीता। जोशना और वेलवन ने मिश्रित युगल स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। जेनेट विधि और पूजा आरती की भारत की दूसरी महिला युगल जोड़ी छठे स्थान पर रहीं।

# रोमांचक मुकाबले में पैराग्वे ने तुर्किये पर 1-0 से दर्ज की जीत

**कैलिफोर्निया (एजेंसी)।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप डी मुकाबले में पैराग्वे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तुर्किये को 1-0 से हराया। सैन फ्रांसिस्को बे एरिया स्टेडियम में इस जीत के साथ पैराग्वे ने टूर्नामेंट के अगले राउंड में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा है। वहीं, हार के साथ ही तुर्किये का टूर्नामेंट में सफर समाप्त हो गया है। मैच का एकमात्र गोल मटियास गैलार्जा ने खेल शुरू होने के सिर्फ 64 सेकंड बाद किया। यह मौजूदा टूर्नामेंट का सबसे तेज गोल भी है। गैलार्जा ने करीब 25 मीटर की दूरी से जोरदार शॉट लगाया और तुर्किये के गोलकीपर को छकाते हुए शानदार गोल दागा। इससे पहले फीफा वर्ल्ड कप 2026 में सबसे तेज गोल का रिकॉर्ड मोरक्को के इस्माइल सैबारी के नाम था, जिन्होंने स्कॉटलैंड के खिलाफ 70 सेकंड में गोल किया था।



पैराग्वे ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और मैच पर अपनी पकड़ बनाई रखी। हालांकि, हाफ टाइम से ठीक पहले टीम को उस वक्त बड़ा झटका लगा, जब मिडफील्डर मिगुएल अल्मिरोन को रेड कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया गया। पैराग्वे के मिडफील्डर वर्ल्ड कप के इतिहास में पहले ऐसे खिलाड़ी बने, जिन्हें फीफा के नए अनुशासनात्मक नियम के तहत सजा मिली। अल्मिरोन ने मर्ट मुल्दुर के साथ मुकाबले के दौरान अपना मुंह ढक लिया था और इसी कारण उन्हें रेड कार्ड थमाया गया। वीएआर रिव्यू के बाद इस फैसले को पूरी तरह से सही ठहराया गया और पैराग्वे को पूरा दूसरा हाफ 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा।

### डेनिज उन्दाव के डबल से जर्मनी जीता, आइवरी कोस्ट को 2-1 से हराया

**टोरंटो।** फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप-ई मुकाबले में जर्मनी ने शानदार वापसी करते हुए आइवरी कोस्ट को 2-1 से हरा दिया। टोरंटो स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में एक समय जर्मन टीम पिछड़ रही थी, लेकिन डेनिज उन्दाव के दो गोलों की बदौलत उसने जीत हासिल कर ली। इस जीत के साथ जर्मनी ने नॉकआउट चरण में अपनी जगह भी पक्की कर ली।मुकाबले की शुरुआत से ही दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया। जर्मनी ने गेंद पर अधिक नियंत्रण रखा और लगातार मौके बनाने की कोशिश की, लेकिन आइवरी कोस्ट की रक्षापंक्ति मजबूती से डटी रही। मैच का पहला गोल 30वें मिनट में आया। यान डियोमांडे की शानदार रन के बाद बने मौके का फायदा उठाते हुए फ्रेंक कैसी ने बेहतरीन फिनिश किया और आइवरी कोस्ट को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद जर्मनी ने बराबरी के लिए कई प्रयास किए, लेकिन हाफ-टाइम तक स्कोर 1-0 ही रहा।ब्रेक के बाद जर्मनी ने खेल की रफ्तार बढ़ा दी और लगातार आइवरी कोस्ट के गोल पर दबाव बनाया। इसका फायदा 68वें मिनट में मिला, जब सब्स्टीट्यूट डेनिज उन्दाव ने शानदार गोल दागकर टीम को 1-1 की बराबरी दिला दी।

# वैभव सूर्यवंशी ने 11 गेंदों पर लगाया अर्धशतक

### लिस्ट ए की सबसे तेज हाफ सेंचुरी अब उनके नाम

**नई दिल्ली।** श्रीलंका ए के खिलाफ ट्राई सीरीज के फाइनल मैच में इंडिया ए के ओपनर बैटर वैभव सूर्यवंशी ने श्रीलंका के गेंदबाजों के खिलाफ तबाही मचा दी और अपना अर्धशतक सिर्फ 11 गेंदों पर पूरा किया। इस टूर्नामेंट के फाइनल से पहले भारत-श्रीलंका के बीच जो मैच खेला गया था उस मुकाबले में वैभव पर श्रीलंका के कुछ खिलाड़ियों ने कमेंट करते हुए कहा था कि ये आईपीएल नहीं है, घर जाओ। अब वैभव ने इसका ऐसा जवाब दिया कि इसे श्रीलंका के खिलाफ याद रखेंगे।



**वैभव ने 11 गेंदों पर लगाया अर्धशतक-** वैभव ने इस मैच में पहली पारी में बैटिंग करते हुए श्रीलंका ए के खिलाफ अपना अर्धशतक सिर्फ 11 गेंदों पर ही पूरा कर लिया। इस दौरान उन्होंने यानी अपने 50 रन के दौरान उनके बल्ले से 5 छक्के और 5 चौके भी निकले। वैभव ने इस मैच में अपना अर्धशतक छक्के के साथ पूरा किया। वैभव ने मैदान पर आते ही इस मैच में श्रीलंका के गेंदबाजों का टारगेट करना शुरू कर दिया और उनकी ऐसी कुटाई करने लगे कि उनके पास कोई जवाब नहीं दिख रहा था। इस टूर्नामेंट में वैभव अब तक कोई अर्धशतक नहीं लगा पाए थे और ये उनका पहला अर्धशतक भी रहा। फाइनल में जिस तरह की उम्मीद थी वैभव ने वैसी बल्लेबाजी करते हुए भारत को बेहद तेज शुरुआत भी दिलाई। वैभव इस मैच में 94 रन बनाकर आउट हुए। वैभव ने लिस्ट ए क्रिकेट का सबसे तेज अर्धशतक 11 गेंदों पर लगाया और उन्होंने श्रीलंका के वीरारत्ने का रिकॉर्ड तोड़ दिया जिन्होंने ये कमाल 12 गेंदें पर किया था।

### वैभव ने तोड़ा 21 साल पुराना रिकॉर्ड



वैभव सूर्यवंशी ने लिस्ट ए में सबसे तेज 11 गेंद पर अर्धशतक लगाते हुए 21 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा है। उन्होंने 2005 में श्रीलंकाई खिलाड़ी कौशल्या वीरारत्ने द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड को ध्वस्त किया। वीरारत्ने ने बांग्लादेश ए के खिलाफ श्रीलंका ए के लिए खेलते हुए 12 गेंद पर 2005 में अर्धशतक ठोका था। अब 21 साल बाद वैभव सूर्यवंशी (जो उस वक्त पैदा भी नहीं हुए थे) उन्होंने यह रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

# दुनिया भर में हज़ारों लोग अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रमों में शामिल हुए

» बीजिंग/वॉशिंगटन, भाषा।

**दुनिया भर में हज़ारों योग प्रेमियों ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इस मौके पर विदेशों में स्थित भारतीय दूतावासों ने ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जिनमें स्वास्थ्य और बेहतर जीवनशैली को बढ़ावा देने में योग की भूमिका को रेखांकित किया गया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हर वर्ष 21 जून को वैश्विक स्तर पर मनाया जाता है, जिसे 2014 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा अपनाए जाने के बाद से मनाया जा रहा है। इस वर्ष के आयोजन की थीम बढ़ती उम्र में योग से रहें निरोग है, जिसमें जीवन के प्रत्येक चरण में शारीरिक तंदुरुस्ती, मानसिक दृढ़ता और समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में योग की प्रासंगिकता को रेखांकित किया गया। मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास के जवाहरलाल नेहरू सांस्कृतिक केंद्र ने मॉस्को नगर प्रशासन के सहयोग से लोमोनोसोव मॉस्को स्टेट यूनिवर्सिटी के प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटेस्काया स्क्वायर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का आयोजन किया। रूस में भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मॉस्को में आयोजित 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह के दौरान सैकड़ों प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से साझा योग किया।**



इस सत्र का संचालन मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास के जवाहरलाल नेहरू सांस्कृतिक केंद्र के योग शिक्षक भूप सिंह ठाकुर ने किया। चीन में लगभग 400 लोगों ने शंघाई के बंड फाइनेंस सेंटर में भारत के महावाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित योग दिवस समारोह में भाग लिया। इस कार्यक्रम में राजनयिक, शिक्षाविद, योग साधक और भारतीय प्रवासी समुदाय के लोग शामिल हुए। दूतावास द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महावाणिज्य दूत प्रतीक माथुर ने योग को भारत की दुनिया को दी गई एक अमूल्य भेंट बताया और समग्र स्वास्थ्य, मानसिक कल्याण तथा सक्रिय वृद्धावस्था को बढ़ावा देने में इसकी बढ़ती भूमिका पर जोर दिया। माथुर ने कहा कि योग राष्ट्रीय सीमाओं से परे है और यह दुनिया भर में लाखों लोगों को अधिक स्वस्थ और संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए लगातार प्रेरित कर रहा है। कार्यक्रम में एक ध्यान सत्र, मणिपुरी नृत्य प्रस्तुति, भारतीय शास्त्रीय संगीत का प्रदर्शन तथा योग के लाभों पर एक प्रस्तुति दी गई। जापान में, तोक्यो स्थित ऐतिहासिक त्सुकिजी होंगन-जी मंदिर में भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित समारोह में 2,100 से अधिक योग प्रेमियों ने भाग लिया। भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बारिश के बावजूद योग एक साथ, बारिश हो या धूप के संदेश के साथ आयोजन स्थल ऊर्जा और मुस्कान से भर गया। ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा स्थित ओल्ड पार्लियामेंट हाउस में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए। यह आयोजन योग ऑस्ट्रेलिया के सीईओ जोश प्रायर के मार्गदर्शन में हुआ। कैनबरा स्थित भारतीय उच्चायोग ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि प्रायर द्वारा संचालित एक घंटे के योग सत्र ने शांति और आत्मचेतना का दुर्लभ अनुभव प्रदान किया। पोस्ट में कहा गया, योग केवल व्यायाम नहीं है, यह जीवन जीने की एक पद्धति है जो शरीर और मन दोनों का पोषण करती है। पड़ोसी बांग्लादेश में, ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग ने इस अवसर पर सभी आयु वर्ग के लोगों को एक साथ लाकर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। ढाका स्थित भारतीय मिशन ने कहा, प्रतिभागियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने इस वर्ष की थीम बढ़ती उम्र में योग से रहें निरोग की भावना को प्रतिबिंबित किया और जीवन के हर चरण में योग की प्रासंगिकता को रेखांकित किया। न्यूजीलैंड में भारतीय, न्यूजीलैंड तथा अन्य समुदायों के लोग भारतीय उच्चायोग परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। भारतीय मिशन ने एक्स पर पोस्ट किया, हार्टफुलनेस और आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन न्यूजीलैंड के सहयोग से भारतीय उच्चायोग परिसर में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। फिनलैंड की राजधानी हेलसिंकी में भारतीय दूतावास ने संसद भवन के सामने स्थित प्रतिष्ठित ओडी लाइब्रेरी में विशेष योग सत्र आयोजित किया। इस कार्यक्रम में राजनयिकों, फिनलैंड के अधिकारियों और भारतीय समुदाय के सदस्यों ने भाग लिया।

## अमेरिकाः डेलावेयर के गवर्नर ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर घोषणा जारी की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के डेलावेयर प्रांत के गवर्नर मैथ्यू मेयर ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को मान्यता देते हुए एक घोषणा जारी की है और लोगों से स्वस्थ जीवनशैली के लिए योग को अपनाने का आह्वान किया है। मेयर ने घोषणा में कहा कि योग भारत की 5,000 वर्ष पुरानी पद्धति है जो समग्र स्वास्थ्य और कल्याण को बेहतर बनाने के लिए मन, शरीर एवं आत्मा को जोड़ती है। उन्होंने कहा कि योग शारीरिक शक्ति, लचीलेपन, मानसिक स्पष्टता और भावनात्मक संतुलन को बढ़ावा देता है तथा तनाव से निपटने एवं सामुदायिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में उपयोगी साधन प्रदान करता है। घोषणा में कहा गया, अतः मैं, गवर्नर मैथ्यू मेयर, 21 जून 2026 को डेलावेयर प्रांत में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित करता हूं और सभी निवासियों को स्वस्थ जीवनशैली के लिए इस पद्धति को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता हूं। मेयर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने योगाभ्यास के अनेक लाभों के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाने के लिए 21 जून को आधिकारिक रूप से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया है। उन्होंने कहा कि इंडियन अमेरिकन कम्युनिटी डेलावेयर न्यूयॉर्क स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास के सहयोग से स्थानीय स्तर पर समारोह आयोजित कर रहा है जिसका उद्देश्य नागरिकों को एकजुट करना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक जीवनशैली के माध्यम से कल्याण, शांति एवं एकता को बढ़ावा देना है।

# स्कॉटलैंड में मुस्लिम विरोधी घृणा से जुड़े हमलों की स्टार्मर ने निंदा की

» लंदन, भाषा।

**ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने स्कॉटलैंड के एडिनबर्ग की सड़कों पर मुसलमानों के प्रति नफरत से प्रेरित हिंसा की निंदा की है। शहर में हुए सिलसिलेवार हमलों में पांच लोग घायल हो गए थे। स्कॉटलैंड पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को एडिनबर्ग में हिंसा व हमलों-जिनमें धमकी, लूटपाट और तोड़-फोड़ै शामिल हैं-के बारे में आम लोगों से कई सूचना मिलने के बाद, 36 वर्षीय एक श्वेत स्कॉटिश व्यक्ति पर आरोप लगाए गए हैं। इस घटना की जांच काउंटर टेररिज्म पुलिसिंग स्कॉटलैंड, अन्य विशेषज्ञ अधिकारियों की मदद से कर रही है। स्टार्मर ने शनिवार शाम एक बयान में कहा, यह बेहद चौंकाने वाली बात है। हमारी सड़कों पर किसी को भी हिंसा का सामना नहीं करना चाहिए। ऐसा लगता है कि संदिग्ध व्यक्ति मुसलमानों के प्रति नफरत से प्रेरित था। उन्होंने कहा, मैं इसे बर्दाश्त नहीं करूंगा उसे कानून का सामना करना होगा।**



मेरी संवेदनाएं घायलों के साथ हैं और मैं पुलिस तथा आपातकालीन सेवाओं को उनकी त्वरित कार्रवाई के लिए धन्यवाद देता हूं। यह बयान सोशल मीडिया पर आए उस वीडियो के बाद आया जिसमें बिना शर्ट वाला एक आदमी बड़ा चाकू लिए एक दुकान के सामने वाले हिस्से को निशाना बनाता दिखता है। ब्रिटेन की गृह मंत्री शबाना महमूद ने कहा कि वह एडिनबर्ग में हुए हमले की खबर सुनकर स्तब्ध हैं। उन्होंने कहा, मैं संदिग्ध को पकड़ने में दिखाई गई बहादुरी और पीड़ितों की मदद के लिए तेजी से कार्रवाई करने के लिए पुलिस और आपातकालीन सेवाओं की आभारी हूं। महमूद ने कहा ऐसा लगता है कि संदिग्ध व्यक्ति मुसलमानों के प्रति नफरत से प्रेरित है। मुसलमानों के खिलाफ नफरत और हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है।

## केअर स्टार्मर पर एंडी बर्नहैम के लिए पद छोड़ने का दबाव बढ़ा

**लंदन, (भाषा)।** एंडी बर्नहैम के ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री बनने के लिए केअर स्टार्मर पर लेबर पार्टी के नेता के तौर पर इस्तीफा देने का दबाव बढ़ रहा है। इस हफ्ते की शुरुआत में उत्तरी इंग्लैंड के मेकरफील्ड उपचुनाव में नाइजल फराज की रिफॉर्म यूके पार्टी से मिल रही दक्षिणपंथी चुनौती के बावजूद बर्नहैम की निर्णायक जीत ने शीर्ष पद के लिए उनकी दावेदारी को मजबूत किया है। स्टार्मर नेतृत्व को लेकर किसी भी चुनौती का सामना करने के अपने संकल्प पर हालांकि अडिग रहे हैं, लेकिन उनकी अपने मंत्रिमंडल के भीतर से उठ रही असहमति की आवाजों ने अगले हफ्ते उनके 10 डाउनिंग स्ट्रीट से बाहर होने की अटकलों को हवा दे दी है। स्टार्मर ने शनिवार को पत्रकारों से कहा, दो साल पहले हुए आम चुनाव में देश की सेवा करने के लिए मुझे भारी जनादेश मिला था। उन्होंने कहा,अभी नेतृत्व के लिए कोई मुकाबला नहीं है, लेकिन जैसा कि मैंने कई बार कहा है, मुझे नहीं लगता कि देश को अराजकता में धकेलना कोई अच्छी बात है। उन्होंने आगे कहा, मैं यह भी कहना चाहूंगा कि अब जब एंडी (मेकरफील्ड में) जीत गए हैं - जो वाकई बहुत अच्छी बात है क्योंकि वह हमारे लिए बहुत अहम हैं - तो यह जरूरी है कि हम सब मिलकर काम करें। स्टार्मर ने यह भी कहा कि अगर उन्हें किसी मुकाबले का सामना करना पड़ा, तो वे पीछे नहीं हटेंगे और डटकर मुकाबला करेंगे। पर्दे के पीछे हालांकि यह तेवर कमजोर पड़ता दिख रहा है, क्योंकि बर्नहैम अपनी संभावित कैबिनेट को आकार देने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। द गार्डियन के अनुसार, नए नेता के तौर पर उनका समर्थन करने वाले लेबर पार्टी के सांसदों की संख्या 300 के करीब पहुंच रही है।

## भारत से 300 से अधिक सिख तीर्थयात्री पाकिस्तान पहुंचे



**लाहौर, (भाषा)।** महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि पर आयोजित स्मृति कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए रविवार को 300 से अधिक सिख तीर्थयात्री वाघा बॉर्डर के रास्ते भारत से पाकिस्तान पहुंचे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। रणजीत सिंह सिख साम्राज्य के संस्थापक और पहले महाराजा थे, जिन्होंने 1801 से 1839 में अपनी मृत्यु तक शासन किया। इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) के प्रवक्ता गुलाम मोहिउद्दीन के अनुसार, बोर्ड और धार्मिक मामलों के मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने 337 भारतीय सिख तीर्थयात्रियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मुख्य समारोह 29 जून को लाहौर के गुरुद्वारा डेरा साहिब में आयोजित किया जाएगा। मोहिउद्दीन ने कहा कि इस कार्यक्रम में पाकिस्तान और दूसरे देशों से हजारों सिख श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। ईटीपीबी के अतिरिक्त सचिव नासिर मुश्ताक ने बताया कि वाघा बॉर्डर पर तीर्थयात्रियों के पहुंचने पर उनके लिए एक विशेष लंगर का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्रियों के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।

## न्यूज | ब्रीफ

### सिंगापुर में सैकड़ों योग प्रेमियों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम में हिस्सा लिया



» सिंगापुर, भाषा।

**सिंगापुर में रविवार को एक राज्य मंत्री और भारतीय मूल के लोगों समेत सैकड़ों योग प्रेमियों ने उत्साह और समावेशन की भावना के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को मनाया। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2014 में अपनाए जाने के बाद से, हर साल 21 जून को दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इस साल के कार्यक्रम का विषय बढ़ती उम्र में योग से रहें निरोग है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के तहत भारत के उच्चायोग ने इस प्राचीन अभ्यास को लोगों के करीब लाने के लिए कई आरंभिक कार्यक्रम और योग सत्र आयोजित किए। इस मौके पर सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त डॉ. शिल्पाक अंबुले ने कहा, सिंगापुर ने बहुसंस्कृतिवाद , कल्याण और संपोषणीय विकास के प्रति अपनी मजबूत प्रतिबद्धता संग योग को उत्साह और समावेशन भावना के साथ अपनाया है। भारतीय उच्चायुक्त ने गार्डन बाय द बे में सिंगापुर में रहने वाले भारतीय मूल के लोगों और इस द्वीप-देश के बहु-राष्ट्रीय समुदाय के योग प्रेमियों का स्वागत किया।**

संस्कृति, समुदाय और युवा मंत्रालय तथा परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री बे याम केंग भी सिंगापुर सरकार के प्रतिनिधि के तौर पर इस कार्यक्रम में शामिल हुए, जिसमें लगभग 350 योग प्रेमी मौजूद थे। इस मौके पर बे याम केंग ने कहा, आज जैसे कार्यक्रम सिंगापुर और भारत के बीच गहरे और पुराने सांस्कृतिक एवं आपसी संबंधों की याद दिलाते हैं। योग उन कई सांस्कृतिक कडय़िों में से एक है जो हमारे लोगों को एक-दूसरे के करीब लाती हैं - जैसे खान-पान, संगीत, कला और त्योहार - और ऐसे कार्यक्रम हमें अपनी साझा विरासत को बेहतर ढंग से समझने में मदद करते हैं। एम्बुले ने कहा, यह देखना प्रेरणादायक है कि योग रोजमर्रा की जिंदगी का अहम हिस्सा बन रहा है और पूरे द्वीप पर स्कूलों, पार्कों, सामुदायिक जगहों और वेलनेस सेंटरों में फल-फूल रहा है।

### लंदन के साउथहॉल में चाकू मारकर हत्या करने के आरोप में भारतीय व्यक्ति पर मामला दर्ज

» लंदन, भाषा।

**पश्चिमी लंदन के उपनगर साउथॉल इलाके में 26 वर्ष के एक भारतीय युवक की चाकू मारकर हत्या करने के आरोप में एक भारतीय नागरिक पर मामला दर्ज किया गया है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने यह जानकारी दी। पिछले हफ्ते गुरभेज सिंह की हत्या के संदेह में गिरफ्तार किए गए 20 साल के नवजोत सिंह पर हत्या, जानबूझकर गंभीर चोट पहुंचाने और खतरनाक हथियार रखने का आरोप लगाया गया है। दस जून की सुबह साउथॉल में नॉर्थ रोड पर डॉर्मर्स वेल्स लेन के जंक्शन के पास गुरभेज सिंह और 30-40 साल के एक और व्यक्ति पर हमला हुआ। दूसरे व्यक्ति का अस्पताल में इलाज किया गया और उसे अब छुट्टी दे दी गई है।**

मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने बताया कि हमले के बाद लंदन एम्बुलेंस सर्विस से सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी अर्ध चिकित्सा कर्मियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। हालाँकि, मेडिकल कर्मचारियों की कोशिशों के बावजूद चाकू लगने से घायल गुरभेज सिंह को मृत घोषित कर दिया गया। आरोपी नवजोत सिंह शुक्रवार को लंदन की वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट अदालत में पेश हुआ और उसे सोमवार को लंदन की ओल्ड बेली कोर्ट में पेश होने के लिए हिरासत में भेज दिया गया है। हत्या के शक में घटनास्थल से सात लोगों को गिरफ्तार किया गया था जिनकी उम्र 20 से 35 साल के बीच थी। इनमें से छह लोगों को बिना किसी कार्रवाई के छोड़ दिया गया जबकि सातवां व्यक्ति पुलिस जमानत पर है और मामले की जांच जारी है।

# अमेरिका, ईरान और पाकिस्तान के प्रमुख नेता बातचीत के लिए स्विट्ज़रलैंड पहुंचे

» ज्यूरिख, भाषा।

**पश्चिम एशिया में शांति बहाल करने के मकसद से होने वाली उच्चस्तरीय बातचीत के लिए रविवार को स्विट्ज़रलैंड पहुंचने वाले बड़े नेताओं में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकिर गालिबाफ और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ शामिल हैं। वेंस रविवार सुबह पहुंचे, जबकि अमेरिका की तरफ से बातचीत में शामिल होने वाले दूत स्टीव विटकोफ और सलाहकार जेरेड कुशनर पहले से ही वहां मौजूद हैं। वेंस ने रवाना होने से पहले फॉक्स न्यूज से कहा, जेरेड और स्टीव से आज (शनिवार) सुबह हुई बातचीत के आधार पर मुझे लगता है कि सबकुछ ठीक चल रहा है।**



सरकारी समाचार एजेंसी इरना के अनुसार, ईरानी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व गालिबाफ कर रहे हैं। खबर में कहा गया,विदेश मंत्री अब्बास अराघची, सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के उप सचिव अली बघेरी कानी और ईरान के केंद्रीय बैंक के गवर्नर अब्दुलनासेर हेम्मती भी इस प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शरीफ भी रविवार को ज्यूरिख पहुंचे। उनके साथ सेना प्रमुख आसिम मुनीर और अन्य प्रतिनिधि भी थे। पाकिस्तानी विदेश कार्यालय ने शनिवार को एक बयान में कहा, पाकिस्तान, इस्लामाबाद सहमति पत्र के तहत बनी समझ को आगे बढ़ाने के मकसद से, मध्यस्थ की अपनी भूमिका में इस प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाना जारी रखेगा। इरना ने यह भी बताया कि रविवार को अराघची और उनके स्विस समकक्ष इग्नाजियो कैसिस के बीच बैठक हुई। आधिकारिक बयान के अनुसार, कतर के वार्ताकार भी इस बैठक में शामिल होंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियान ने पिछले हफ्ते एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जिससे पश्चिम एशिया में शांति बहाल करने के लिए 60 दिन की बातचीत की प्रक्रिया शुरू हुई। मुख्य मध्यस्थ पाकिस्तान ने गारंटर के तौर पर इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

## पाकिस्तान के प्रधानमंत्री व सेना प्रमुख स्विट्ज़रलैंड में अमेरिका, ईरान के वार्ताकारों से मिले



**इस्लामाबाद/ज्यूरिख, (भाषा)।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रविवार को स्विट्ज़रलैंड में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकिर गालिबाफ और दोनों पक्षों के अन्य वरिष्ठ वार्ताकारों से मुलाकात की। यह मुलाकात पश्चिम एशिया में शांति बहाल करने के मकसद से हो रही तकनीकी-स्तर की बातचीत के दौरान हुई। शरीफ दिन में स्विट्ज़रलैंड पहुंचे, उनके साथ सेना प्रमुख आसिम मुनीर और एक प्रतिनिधिमंडल भी था। उन्होंने सबसे पहले वेंस और अमेरिकी वार्ताकारों स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर से मुलाक़ात की। वेंस दिन में पहले स्विट्ज़रलैंड पहुंचे, जबकि विटकॉफ और कुशनर पहले से ही वहां मौजूद थे। शरीफ ने मुनीर के साथ बाद में गालिबाफ और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से अलग-अलग मुलाकात की। उनके कार्यालय ने एक बयान में कहा कि यह स्विट्ज़रलैंड के बर्गेनस्टॉक में इस्लामाबाद समझौता ज्ञापन की अगली कड़ी थी। शरीफ कार्यालय ने एक्स पर एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें उन्हें और मुनीर को ईरान के दो शीर्ष नेताओं से हाथ मिलाते हुए देखा जा सकता है। इस बीच, पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी, जो शनिवार को बिना किसी पूर्व सूचना के ईरान पहुंचे थे, तेहरान में राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियान से मिले। दूसरी ओर, पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री ने शांति वार्ता में हुई प्रगति की समीक्षा करने के लिए काहिरा में मिस्र, तुर्किए और सऊदी अरब के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियान ने पिछले हफ़्ते एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जिससे पश्चिम एशिया में शांति बहाल करने के लिए 60 दिन की बातचीत की प्रक्रिया शुरू हुई। समझौता ज्ञापन के तहत बातचीत के तकनीकी पहलू शुक्रवार को शुरू होने वाले थे, लेकिन इनमें देरी हो गई।

## यूक्रेन के हमलों के कारण रूस के कब्ज़े वाले क्रीमिया में आम लोगों के लिए पेट्रोल की बिक्री रोकी गई




**मास्को, (भाषा)।** रूस के कब्जे वाले क्रीमिया में अधिकारियों ने रविवार को आम लोगों के लिए पेट्रोल की बिक्री रोक दी, क्योंकि यूक्रेन ने काला सागर प्रायद्वीप पर ईंधन की आपूर्ति श्रृंखलाओं पर हमले तेज कर दिए हैं। क्रेमलिन द्वारा नियुक्त क्रीमिया के प्रमुख, गवर्नर सर्गेई अक्स्योनोव ने कहा कि रात भर हुए यूक्रेनी हमलों में चार लोगों की मौत हो गई और 28 अन्य घायल हो गए। उन्होंने हमले के लक्ष्यों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। बाद में उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि स्थानीय पेट्रोल पंप गैर-सरकारी कंपनियों और आम लोगों के लिए सभी तरह की बिक्री अनिश्चित काल के लिए रोक देंगे। अक्स्योनोव ने कहा, ईंधन सिर्फ उन सरकारी एजेंसियों को बेचा जाएगा जो क्रीमिया गणराज्य के कामकाज और सुरक्षा को सुनिश्चित करती हैं। मैं सभी से शांत रहने और जानकारी के लिए केवल आधिकारिक स्रोतों पर भरोसा करने का आग्रह करता हूं। हाल के हफ्तों में यूक्रेनी सेना ने बार-बार क्रीमिया में ईंधन के आपूर्ति स्रोतों को निशाना बनाया है। इस वजह से क्षेत्र में गंभीर ऊर्जा संकट पैदा हो गया है। रूस ने 2014 में इस भू-भाग पर कब्जा कर लिया था। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रविवार को एक बयान में कहा कि क्रीमिया का एक तेल डिपो और रूस के दक्षिणी क्रास्नोदार इलाके में तेल परिवहन केंद्र उन ठिकानों में शामिल थे जिन्हें निशाना बनाया गया। उन्होंने इन हमलों को रूस की ऊर्जा अवसंरचना के खिलाफ यूक्रेन की दीर्घकालिक कार्रवाई का हिस्सा बताया। उन्होंने लिखा, रूस सिर्फ ताकत की भाषा समझता है, और हमारी लंबी दूरी की ताकत निश्चित रूप से शांति के लिए काम कर रही है। मई के आखिर में, अधिकारियों ने प्रीपेड कूपन के जरिए हर गाड़ी मालिक के लिए हफ़्ते में 20 लीटर पेट्रोल की बिक्री सीमित कर दी। जैसे ही ये कूपन एक आधिकारिक मैसेजिंग ऐप चैनल पर जारी किए गए, वे तुरंत बिक गए और गाड़ी चलाने वाले लोग पेट्रोल भरवाने के लिए घंटों तक लाइन में खड़े रहे।

### पीपीपी–पीएमएल (एन) गठबंधन के तहत बनेगी सरकार

# भारत ने चुनावों और पाकिस्तान के दावे पर जताया कड़ा विरोध

» इस्लामाबाद, भाषा।

**पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने रविवार को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के गिलगित-बाल्टिस्तान में तथाकथित मुख्यमंत्री पद के लिए अपने उम्मीदवार के नाम की घोषणा कर दी। हाल ही में हुए चुनाव में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी क्षेत्र में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। एक बयान के मुताबिक, पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने पेशे से वकील अमजद हुसैन को मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में नामित किया। हुसैन 2020 से 2025 तक गिलगित-बाल्टिस्तान विधानसभा के सदस्य रहे और 2009 से 2014 तक इस क्षेत्र की विधान परिषद के सदस्य भी रहे। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) गिलगित-बाल्टिस्तान में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएलएन) के समर्थन से सत्ता-साझाकरण के फार्मूले के तहत सरकार बनाएगी।**



वहीं भारत का कहना है कि गिलगित-बाल्टिस्तान सहित जम्मू-कश्मीर और लद्दाख क्षेत्र 1947 में जम्मू-कश्मीर के भारत में हुए पूर्ण, वैध और अपरिवर्तनीय विलय के आधार पर भारत के अभिन्न और अविभाज्य हिस्से हैं। भारत ने सात जून को गिलगित-बाल्टिस्तान में कराए गए तथाकथित चुनावों को लेकर पाकिस्तान के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया था। भारत का स्पष्ट मत है कि गिलगित-बाल्टिस्तान भारतीय भूभाग का हिस्सा है, जिस पर पाकिस्तान ने अवैध और बलपूर्वक कब्जा कर रखा है। चुनाव के बाद पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी और उसे तथाकथित 24 सदस्ईय गिलगित-बाल्टिस्तान विधानसभा में 12 सीट पर जीत मिलीं। डॉन अखबार की एक खबर के अनुसार, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज ने आपसी विश्वास, सहमति और परामर्श के आधार पर गिलगित-बाल्टिस्तान में गठबंधन सरकार बनाने का फैसला किया। एक बयान के मुताबिक, परामर्श बैठक के बाद दोनों दलों के स्थानीय नेताओं ने प्रस्तावित सत्ता-साझाकरण फार्मूले पर सहमति जताई। इस फार्मूले के तहत तथाकथित मुख्यमंत्री पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी से होगा, जबकि राज्यपाल और विपक्ष के नेता का पद पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज को मिलेगा। इसके अलावा, उपाध्यक्ष का पद भी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के हिस्से में जाएगा।

## पीएमएलएन के समर्थन से पीओके के गिलगित-बाल्टिस्तान में सरकार बनाएगी पीपीपी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के गिलगित-बाल्टिस्तान में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएलएन) के समर्थन से सत्ता-साझाकरण के फार्मूले के तहत सरकार बनाएगी। मीडिया में जारी एक खबर में यह जानकारी सामने आई। इसी व्यवस्था के तहत पाकिस्तान में संघीय सरकार केंद्र में है। वहीं भारत का कहना है कि गिलगित-बाल्टिस्तान सहित जम्मू-कश्मीर और लद्दाख क्षेत्र 1947 में जम्मू-कश्मीर के भारत में हुए पूर्ण, वैध और अपरिवर्तनीय विलय के आधार पर भारत के अभिन्न और अविभाज्य हिस्से हैं। भारत ने सात जून को गिलगित-बाल्टिस्तान में कराए गए तथाकथित चुनावों को लेकर पाकिस्तान के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया था। भारत का स्पष्ट मत है कि गिलगित-बाल्टिस्तान भारतीय भूभाग का हिस्सा है, जिस पर पाकिस्तान ने अवैध और बलपूर्वक कब्जा कर रखा है। चुनाव के बाद पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी और उसे तथाकथित 24 सदस्ईय गिलगित-बाल्टिस्तान विधानसभा में 12 सीट पर जीत मिलीं। डॉन अखबार की एक खबर के अनुसार, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज ने आपसी विश्वास, सहमति और परामर्श के आधार पर गिलगित-बाल्टिस्तान में गठबंधन सरकार बनाने का फैसला किया। एक बयान के मुताबिक, परामर्श बैठक के बाद दोनों दलों के स्थानीय नेताओं ने प्रस्तावित सत्ता-साझाकरण फार्मूले पर सहमति जताई। इस फार्मूले के तहत तथाकथित मुख्यमंत्री पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी से होगा, जबकि राज्यपाल और विपक्ष के नेता का पद पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज को मिलेगा। इसके अलावा, उपाध्यक्ष का पद भी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के हिस्से में जाएगा।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्वाधिकारी आरपी न्यूज़ नेटवर्क प्राईवेट लिमिटेड के लिये श्रीराम ऑफसेट, 14, शॉपिंग सेंटर, ज़ोरावरसिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय: 4312, मोहल्ला नायकान, नाहरवाड़ा, जगन्नाथ शाह का रास्ता, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। पीआरबी एक्ट के अनुसार खबरों के चयन के लिए उत्तरदायित्व संपादक मुन्ना खान मोबाइल नंबर 9772552446, 8058969180 ई-मेल: rpnewsnetworkpvt.ltd@gmail.com